फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 45, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 13 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## दुनिया में भारत को कोसने वाले, लोकतंत्र का गला घोंटते रहे हैं : सीएम योगी

### कांग्रेस व राहुल गांधी का नाम लिए बिना सीएम योगी ने बोला जोरदार हमला

**गोरखपुरः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राहुल गांधी का नाम लिए बिना ही कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक तरफ वैश्विक मंचों पर भारत का दबदबा बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ कुछ लोग दुनिया के देशों में जाकर भारत की आलोचना कर रहे हैं। भारत के लोकतंत्र को कोसने वाले ये वही लोग हैं जो मौका मिलने पर स्वयं लोकतंत्र का गला घोंटते हैं। पीएम मोदी दुनिया मे देश का नाम कर रहे हैं तो कुछ लोग देश को बदनाम करने में जुटे हैं। सीएम योगी रविवार को भाजपा के बशारतपुर प्रथम शक्ति केंद्र पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में जाकर देश की आलोचना करने वाले चेहरों को पहचानने की जरूरत है। ये देश के लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं। इनकी खानदानी विरासत ही बांटों और राज करो की विभाजनकारी राजनीति की रही है। इनकी विभाजनकारी मानसिकता और षड्यंत्र को सफल नहीं होने देना है।

**उपलब्धियां कर रहीं नए भारत का प्रतिनिधित्वः** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 8-9 वर्षों में हासिल देश की उपलब्धियां नए भारत का प्रतिनिधित्व कर रहीं हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण में देश की उपलब्धियों और भावी योजनाओं की सुनहरी तस्वीर है। आने वाले दिनों में भारत दुनिया को राह दिखाने वाला देश होगा।

**भारत के सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है जी-20 का नेतृत्वः** सीएम योगी ने कहा कि जी-20 का नेतृत्व मिलना भारत के सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है। भारत की ताकत की यशोगाथा गाई जा रही है। वैश्विक स्तर पर भारत का दबदबा बढ़ा है। अफगानिस्तान की बात हो या फिर रूस-यूक्रेन युद्ध की, हर कहीं पीएम मोदी की पहल का इंतजार रहता है। इटली और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री हाल में भारत आए, जापान के पीएम आने वाले हैं। यह



सब देश की एक नई तस्वीर को पेश करते हैं। उन्होंने पीएम मोदी के पंच प्रण से सबको जुड़ने की अपील की और कहा कि विकसित देश के निर्माण, गुलामी के अंशों को सर्वथा समाप्त करने, विरासत व क्रांतिवीरों का सम्मान करने, देश की एकता व एकात्मकता के लिए सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी एहसास कराता है।

**देश ने लगाई लंबी छलांगः** सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के दो महत्वपूर्ण पक्ष हैं। पहला सरकार की उपलब्धियां और दूसरा भावी योजनाएं। राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में 9 वर्षों के दौरान पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। खेती किसानी से लेकर नवाचार तक हर क्षेत्र में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन आया है। आय में कई गुना वृद्धि हुई है। **निजी सेटेलाइट से अंतरिक्ष यात्रा भी हो रही है।**

**गिनाई उपालब्धियांः उन्होंने कहा कि जब वह** 1998 में पहली बार सांसद बने थे तो हर सांसद को 100 रसोई गैस कनेक्शन का कोटा मिलता था। आज रसोई गैस कनेक्शन सबको आसानी से मिल रहा है। पात्र परिवारों को सरकार मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दे रही है। यूपी में 1.74 करोड़ तथा देश में 3.5 करोड़ लोगों को उज्ज्वला योजना से मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिला है। पहले गरीबों को आवास के लिए 20 हजार रुपये मिलते थे। आज पीएम आवास योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में 1.20 लाख रुपये, शौचालय के लिए 12 हजार मिलते हैं। मनरेगा के तहत 90 दिन की मजदूरी के बराबर मानदेय भी मिलता है।

### प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के मांड्या में प्रमुख विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

## कांग्रेस मेरी कब्र खोदने में व्यस्त...

**बेंगलुरुः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के मांड्या में प्रमुख विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेसवे को राष्ट्र को समर्पित किया और मैसूरु-खुशालनगर 4-लेन राजमार्ग की आधारशिला रखी। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि डबल इंजन सरकार तेजी से विकास के साथ हर नागरिक की मांगों को पूरा करने का प्रयास करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवा आज आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाले एक्सप्रेसवे पर गर्व महसूस कर रहे हैं। आज समर्पित इस एक्सप्रेसवे से मैसूरु और बेंगलुरु के बीच यात्रा का समय आधा हो गया है। उन्होंने मैसूर-कुशलनगर 4-लेन राजमार्ग की आधारशिला रखने पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं सबका विकास की भावना को आगे बढ़ाएंगी और समृद्धि के द्वार खोलेंगी। प्रधानमंत्री ने इन परियोजनाओं के लिए कर्नाटक के लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर अपने साथ सिर्फ सुविधा नहीं लाता बल्कि रोजगार, निवेश और कमाई के साधन लाता है। बीते वर्षों में सिर्फ कर्नाटक में ही हमने एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हाई-वे से जुड़े प्रोजेक्ट्स में पूंजी निवेश किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले केंद्र की कांग्रेस सरकार ने गरीब परिवारों को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। जो पैसा गरीब के विकास के लिए था, उसका हजारों-करोड़ रुपये कांग्रेस की सरकार ने लूट लिया था। कांग्रेस को कभी करीब के दुख-दर्द से कोई फर्क नहीं पड़ा है।



### ये सभी प्रोजेक्ट विकास और समृद्धि के नए रास्ते खोलेंगेः मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि ये सभी प्रोजेक्ट विकास और समृद्धि के नए रास्ते खोलेंगे। बेंगलुरु और मैसूर, कर्नाटक के दो अहम शहर हैं। एक तकनीक के लिए जाना जाता है और दूसरा परंपरा के लिए जाना जाता है। ऐसे में इन दोनों शहरों का तकनीक के माध्यम से जुड़ना अहम है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस ने गरीब लोगों को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। कांग्रेस सरकार ने गरीब लोगों के पैसों को लूटा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में आपने मुझे वोट देकर सेवा का मौका दिया तो देश में गरीब का दुख दर्द समझने वाली संवेदनशील सरकार बनी। इसके बाद भाजपा की केंद्र सरकार ने पूरी ईमानदारी से गरीब की सेवा करने का प्रयास किया। गरीब के जीवन से मुश्किल कम करने का प्रयास किया। बीते नौ सालों में भाजपा सरकार की योजनाओं से करोड़ों गरीबों का जीवन आसान हुआ है। कांग्रेस की सरकार में गरीब को सुविधाओं के लिए सरकार के पास चक्कर लगाने पड़ते थे।

कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री ने मांड्या में रोड शो भी किया और इस दौरान उपस्थित लोगों का उन्होंने अभिवादन किया। प्रधानमंत्री ने आज बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेसवे राष्ट्र को समर्पित किया। इस परियोजना में एनएच-275 के बेंगलुरु-निदाघट्टा-मैसूरु खंड को 6 लेन का बनाना शामिल है। 118 किमी. लंबी सड़क के निर्माण से जुड़ी इस परियोजना को लगभग 8480 करोड़ रुपये की कुल लागत से विकसित किया गया है। इससे बेंगलुरु और मैसूरु के बीच यात्रा-अवधि लगभग 3 घंटे से घटकर करीब 75 मिनट रह जाएगी। इससे क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने मैसूरु-खुशालनगर 4 लेन राजमार्ग की आधारशिला भी रखी। 92 किमी. में फैली इस परियोजना को करीब 4130 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। यह परियोजना बेंगलुरु के साथ खुशालनगर के परिवहन संपर्क को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और यात्रा-अवधि को लगभग 5 से घटाकर केवल 2.5 घंटे करने में मदद करेगी।

### भाजपा की सरकार गरीब के पास जाकर सुविधाएं दे रही'

**अब** भाजपा की सरकार गरीब के पास जाकर सुविधाएं दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, मोदी की कब्र खोदने में व्यस्त है और मोदी, बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे बनाने में व्यस्त है। कांग्रेसियों को पता नहीं है कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद मोदी का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे एनएच-275 का एक हिस्सा है। इसके तहत चार रेल ओवरब्रिज, नौ बड़े और 40 छोटे पुलों और 89 अंडरपास और ओवरपास का निर्माण किया गया है। इसका उद्देश्य श्रीरंगपटना, कूर्ग, ऊटी और केरल जैसे क्षेत्रों में कनेक्टिवटी को बढ़ाना है, जिससे इन क्षेत्रों में पर्यटन क्षमता में वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री यात्रियों को सुविधाजनक और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए पुनर्विकसित होसपेटे जंक्शन भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसे हम्पी स्मारकों के अनुरूप डिजाइन किया गया है।

## विराट ने जड़ा टेस्ट करियर का 28वां शतक

**अहमदाबादः** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के चौथे और आखिरी मैच में विराट कोहली ने टेस्ट में अपने शतकों का सूखा खत्म कर दिया है। उन्होंने अहमदाबाद में अपने टेस्ट करियर का 28वां शतक लगाया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में यह उनका 75वां शतक है। इसके साथ ही वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर आ गए हैं। सचिन ने भारत के लिए कुल 100 शतक लगाए थे। वहीं, विराट अब तक 75 शतक लगा चुके हैं। इनमें से 28 शतक टेस्ट में, 46 वनडे में और एक टी20 में आया है। टेस्ट क्रिकेट में विराट




कोहली का पिछला शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ आया था। इसके बाद से वह टेस्ट क्रिकेट में शतक नहीं लगा पाए थे। अब उन्होंने यह सूखा खत्म किया है। विराट कोहली ने 23 मैच और 41 पारी बाद टेस्ट क्रिकेट में शतकीय पारी खेली है। इससे पहले टेस्ट में दो शतकों के बीच उन्हें अधिकतम 11 पारी का इंतजार करना पड़ा था। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका 16वां शतक है। उन्होंने टेस्ट और वनडे में आठ-आठ शतक लगाए हैं।

## मुख्तार अंसारी की 26 लाख रुपये की बेनामी संपत्ति जब्त

**गाजीपुरः बांदा** जेल में बंद मुख्तार अंसारी की बेनामी संपत्ति को जिला एवं पुलिस प्रशासन ने रविवार के संयुक्त कार्रवाई करते हुए जब्त किया है। संपत्ति की कुल कीमत 26 लाख 18 हजार 25 रुपये आंकी गई है। थाना मोहम्मदाबाद के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि यूसुफपुर बाजार में मुख्तार अंसारी की अवैध क्रियाकलापों से अर्जित की गई 18 दुकानों को पुलिस ने जब्त किया है। मुख्तार अंसारी एक गिरोह बनाकर लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने के इरादे से स्वयं के तथा अपने गैंग के सदस्यों के लिए आपराधिक क्रियाकलापों में लिप्त रहता था।

## आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीतिः शाह



**हैदराबादः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को हैदराबाद में सीआईएसएफ के 54वें स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए। सीआईएसएफ की स्थापना 10 मार्च, 1969 को भारत की संसद के अधिनियम के तहत की गई थी। तब से, हर वर्ष 10 मार्च को सीआईएसएफ स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस साल सीआईएसएफ का वार्षिक स्थापना दिवस समारोह आज हैदराबाद में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले 11 मार्च को शाह ने कहा था कि सीआईएसएफ भारत की आंतरिक सुरक्षा के स्तंभों में से एक है। प्रधानमंत्री मोदी ने किया आभार व्यक्तः सीआईएसएफ स्थापना दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीआईएसएफ के कर्मियों को उनके स्थापना दिवस पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रदान करने के लिए **सभी कर्मियों का धन्यवाद भी किया।**

**अमित शाह ने दी बधाईः** हैदारबाद में आयोजित 54वें स्थापना दिवस पर अमित शाह ने सीआईएसएफ के कर्मियों को बधाई दी और देश की सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को सलाम किया।

**जीरो टॉलरेंस की मोदी सरकार की नीति रहेगी जारीः** हैदराबाद में सीआईएसएफ स्थापना दिवस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति आने वाले समय में भी जारी रहेगी। उन्होंने आगे ये भी कहा कि देश के किसी भी हिस्से में अलगाववाद, आतंकवाद और देश विरोधी गतिविधियों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## समलैंगिक शादियांः केंद्र ने कानूनी मान्यता देने का विरोध किया

**नई दिल्लीः केंद्र** सरकार ने समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने का विरोध किया है। रविवार को सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने इसको लेकर हलफनामा दायर किया। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने के लिए दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई होनी है। इससे पहले केंद्र सरकार का हलफनामा बताता है कि सरकार इसके पक्ष में नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले को लेकर दिल्ली समेत अलग-अलग हाईकोर्ट में दाखिल सभी याचिकाओं की सुनवाई एक साथ करने का फैसला किया था। कोर्ट ने 6 जनवरी को इस मुद्दे से जुड़ी सभी याचिकाएं अपने पास ट्रांसफर कर ली थीं।

चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और जस्टिस जे. बी. पारदीवाला की बेंच सोमवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

**56 पेज के हलफनामें में केंद्र का तर्कः** केंद्र ने रविवार को कोर्ट में 56 पेज का हलफनामा दाखिल किया। इसमें कहा गया कि सेम सैक्स मैरिज भारतीय परंपरा के मुताबिक नहीं है। यह पति-पत्नी और उनसे पैदा हुए बच्चों के कॉन्सेप्ट से मेल नहीं खाती।

## फलों को केमिकल से पकाने पर होगी सख्त कार्रवाई

**नई दिल्लीः** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण फलों को पकाने के लिए केमिकल का इस्तेमाल करने पर सख्त रूख अपनाया है। उन्होंने व्यापारियों, फल विक्रेताओं और खाद्य व्यापार संचालकों (एफबीओ) को फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग न करने के लिए चेतावनी दी है। तो वहीं एफएसएसएआई स्पष्ट रूप से कहा है कि दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कैल्शियम कार्बाइड से निकलने वाली गैस है घातकः** एफएसएसएआई ने फलों को पकाने के लिए एथिलीन जैसे



उपयुक्त पदार्थों का उचित तरीके से उपयोग करने को कहा है। एफएसएसएआई ने बयान में कहा कि फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक 2011 के उप-विनियमन के प्रावधान के तहत कैल्शियम कार्बाइड के उपयोग पर पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है। कैल्शियम कार्बाइड से निकलने वाली एसिटलीन गैस फल पकाने में शामिल लोगों के लिए भी उतनी ही हानिकारक है। जितना यह फल का सेवन करने वालों के लिए है।

**कैल्शियम कार्बाइड का अब भी हो रहा है उपयोगः** एफएसएसएआई ने यह पाया कि व्यापारी/हैंडलर अभी भी प्रतिबंधित सामग्री यानी कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग फल पकाने के लिए कर रहे हैं। तो वहीं उन्होंने यह भी पाया कि व्यापारी/हैंडलर एथिलीन गैस के स्वीकृत स्त्रोतों का गलत तरीके से उपयोग कर रहे हैं। इसलिए एफएसएसएआई ने निर्देश दिया है कि सभी व्यापारियों/फल संचालकों/एफबीओ के संचालन कक्षों को निर्देशों का सख्ती से पालन करना है।

### हर विकास खंड में एक परिषदीय विद्यालय को अपग्रेड करेगी योगी सरकार

## उप्र में एक हजार करोड़ से अपग्रेड होंगे परिषदीय विद्यालय

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों को अपग्रेड करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य सरकार एक हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। प्रथम चरण में प्रदेश के 700 विद्यालय अपग्रेड होंगे। योगी सरकार ने हालिया प्रस्तुत आम बजट 2023-24 में शिक्षा विभाग के लिए 2000 करोड़ रुपये की धनराशि देने का प्रावधान किया है। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित परिषदीय विद्यालयों के लिए एक हजार करोड़ रुपये से प्रत्येक विकास खंड में एक-एक (कुल 880) मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों को विकसित किया जाएगा। योगी सरकार की मंशा आगामी तीन वर्षों में लगभग 4000 (प्रत्येक विकास खंड में 4-5) अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों को विकसित करने की है। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने कार्ययोजना बना ली है, जिस पर आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा 8 तक के इन विद्यालयों को अपग्रेड कर योगी सरकार न सिर्फ प्रत्येक छात्र तक उत्तम शिक्षा पहुंचाने का प्रयास कर रही है, बल्कि उन्हें विद्यालय में वे सभी सुविधाएं भी मुहैया कराने का उद्देश्य है जिसकी मदद से उनका कौशल विकास हो सके और वे बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

**प्रथम चरण में 704 परिषदीय विद्यालयों को किया जाएगा अपग्रेडः** महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के अनुसार बजट में किए गए इस प्रावधान के तहत बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण विकासखंड से जगह की उपलब्धता, व्यवहारिकता एवं महत्तम सामाजिक लाभ के दृष्टिगत प्रत्येक विकासखंड से एक कंपोजिट विद्यालय का पारदर्शितापूर्ण चयन किया जाएगा।

इन विद्यालयों को तय मानकों के अनुरूप अपग्रेड किया जाएगा और मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का दर्जा प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक कंपोजिट विद्यालय में लगभग 1.42 करोड़ रुपये से अवस्थापना सुविधाओं को अपग्रेड किए जाने का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार से प्रथम चरण में बेसिक शिक्षा विभाग के लिए आवंटित बजट 1,000 करोड़ रुपये से लगभग 704 परिषदीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के रूप में अपग्रेड किया जाएगा।

**प्रत्येक विद्यालय में होंगे 450 छात्र-छात्राएंः** मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के अंतर्गत पहले से संचालित परिषदीय कंपोजिट विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं के साथ ग्रेड लर्निंग कांसेप्ट के आधार पर अपग्रेड किया जाएगा। इन विद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बच्चों का समावेशी एवं कौशल विकास को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा।

## चुनाव लड़ने का अधिकार सबको : ओवैसी

**बाड़मेरः** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सचिन पायलट के टोंक से चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद पलटवार किया। हमारी पार्टी भी चुनाव लड़ेगी और चुनाव लड़ने का अधिकार सबको है। हम चुनाव में मुकाबला करेंगे। शिव के विधायक अमीन खान व पोकरण विधायक व मंत्री पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भरतपुर के जुनैद व उसके साथी के मर्डर पर जुबान भी नहीं खोली। इतना बड़ा कांड हुआ लेकिन दोनों कुछ भी नहीं



बोले। बोलना चाहिए था। गहलोत सरकार पर जुबानी हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि बीते बजट में जो वादे किए वो पूरे नहीं किए और अल्पसंख्यक को कुछ नहीं दिया। हम उनको बताएंगे। हम एक्सपर्ट से एक रिपोर्ट तैयार करवाई है जिसमें राजस्थान मुसलमानों के सोशल, एजुकेशनल, इकोनॉमी, हेल्थ सभी पर सर्वे करवा रहे है।

### खबर संक्षेप



## शैलेंद्र कुमार शुक्ल हंडिया तहसीलदार न्यायालय में सरकारी अधिवक्ता नियुक्त

**जंघई।** जिलाधिकारी प्रयागराज के आदेशानुसार बरियांवा गांव निवासी शैलेंद्र कुमार शुक्ल पुत्र विद्याकांत शुक्ल को हंडिया तहसीलदार न्यायालय में तीन वर्षों के लिए सरकारी अधिवक्ता नियुक्त किया गया है ।यह नियुक्ति तहसीलदार /न्यायिक चकबंदी न्यायालय प्रयागराज में ग्राम सभा की पैरवी करने हेतु नामिका वकीलों को अनुमोदित किया गया है। शैलेंद्र की नियुक्ति पर बड़े भाई दिल्ली पुलिस में कार्यरत विजेंद्र कुमार शुक्ल, अरविंद कुमार शुक्ल, शिवा, श्रीजल, सुजल आदि ने प्रशन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

# अनियंत्रित टैक्टर ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर, दो की मौत

## निमंत्रण में शामिल होकर घर वापस जा रहे थे युवक, जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

> कुदर गांव स्थित नाले की पुलिया के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार को जबरदस्त टक्कर मारी जिससे बाइक सवार दोनों युवक नाले में गिर गए और टैक्टर टाली में लदा ईट उनके ऊपर गिर गया

**मेजा रोड।** मेजा में अनियंत्रित टैक्टर चालक ने निमंत्रण से घर वापस लौट रहे बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई में जुट गई है। मांडा थाना क्षेत्र के गौहानी कुरहरा गांव निवासी किशोर तिवारी पुत्र कमला शंकर तिवारी दोहथा गांव से घर जा रहा था। इस दौरान मिजार्पुर थाना लालगंज गांव पचोखर निवासी हृदय शंकर पुत्र रामनिश्चय कनौजिया भी बाइक पर सवार था। मांडा थाना क्षेत्र के दोहथा से घर वापस लौटते समय कुदर गांव स्थित नाले की पुलिया के समीप पहुंचे थे। तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार को जबरदस्त टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों युवक नाले में गिर गए। टैक्टर टाली में लदा ईट उनके ऊपर गिर गया। ईंट के नीचे दबने से बाइक सवार किशोर तिवारी व हृदय शंकर कनौजिया की मौके पर ही मौत हो गई। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं सूचना पर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम केवल यादव मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## फेसनुक पर युवती को फोटो वायरल करने के विरोध पर युवती के भाई को मिली हत्या की धमकी

### फर्जी आईडी बनाकर फेसबुक पर दूसरे की बहन की फोटो लगाने पर मिली हत्या की धमकी

**मऊआइमा।** एक युवक द्वारा फर्जी आईडी बना कर फेसबुक पर दूसरे की बहन की फोटो लगाने का जब भाई ने विरोध किया तो उसे गालियां दी गई और जान से मारने की धमकी दी गई ।पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा कस्बा नगर पंचायत के मोहम्मद फैजान पुत्र नईम उल्ला का आरोप है कि एक युवक उसकी बहन की फोटो फर्जी आईडी बना कर फेसबुक पर लगा दिया। मोहम्मद फैजान का आरोप है कि जब उसने युवक को मना किया तो वह भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मोहम्मद फैजान ने थाने में तहरीर दे कर हमजा अंसारी पुत्र फुरकान के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में लग गई है।



सहसों मण्डल की बैठक में मौजूद भाजपा नेता गण।

# मंडल सहसों का कार्यशाला बैठक हुई संपन्न

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सुखदेव सिंह महाविद्यालय कसेरूआ कला में रविवार को भाजपा गंगापार के मंडल सहसों की एक दिवसीय कार्यशाला बैठक मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यशाला बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल सहित आदि पदाधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया। कार्यशाला बैठक को संबोधित करते हुए अनिरुद्ध सिंह पटेल ने मौजूद सभी कार्यकताओं को पार्टी द्वारा दिए गए दिशा निर्देश एवं आगामी नगर निकाय चुनाव के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए बूथ सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। बैठक का संचालन महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ रमेश कुमार दूबे तथा राजधर दूबे, राजेश सरोज, नरेंद्र कुशवाहा, अनिल कुमार पटेल, मनोज तिवारी, संजय सिंह, संतोष सिंह, अनिल जायसवाल, मुकेश दूबे, राज कुमार जायसवाल, पुष्कर सिंह, शंकरलाल, पुष्प देवी, अतुल मिश्रा, राम सुधार बिंद, सूर्यमणि पांडे, लवकुश बिंद, शिव शंकर दूबे, त्रिभुवन भारतीया, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, सुभाष शुक्ला, कमल चन्द्र पाल सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# क्षत्रिय कल्याण समिति का होली मिलन समारोह सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

> होली ऐसा त्यौहार है कि सबको मिलजुल कर मनाना चाहिए : गजेन्द्र प्रताप सिंह

**नैनी।** क्षत्रिय कल्याण समिति जमुनापार के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को अवंतिका कालोनी नैनी स्थित चन्द्रलोक गेस्ट हाउस मे समिति के संरक्षक पूर्व आईजी सी पी सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। समिति के महामंत्री डी के सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए समारोह मे सहभागिता करने वाले सभी क्षत्रिय बन्धुं का स्वागत अभिनन्दन किया। समारोह मे मुख्य अतिथि डा० नरेन्द्र कुमार सिंह गौर पूर्व मंत्री उ० प्र० शासन एवं विशिष्ट अतिथि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अत्रध्यक्ष अशोक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डा० वी के सिंह, पूर्व आईजी पुलिस के पी सिंह, वरिष्ठ पत्रकार बीरेन्द्र सिंह रहे। समारोह मे प्रमुख रुप से कृष्ण मुरारी सिंह, कविराज फतेह बहादुर सिंह, रवि किरण सिंह तोमर, पत्रकार गजेन्द्र प्रताप सिंह, नरसिंह, पंकज सिंह, अतुल सिंह, अरुण सिंह, महेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, वीरपाल सिंह सहित सैकड़ो क्षत्रिय उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष गुरू प्रकाश राव ने सभी का धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया।

## तीन अलग अलग गांवों में मार पीट के मामलो में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के तीन अलग अलग गांवों में विभिन्न मामलों को लेकर घर में घुस कर मार पीट की गई ।पुलिस ने तीनों मामलों में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर भिखनापुर निवासी राम आसरे यादव पुत्र गंगादीन यादव का आरोप है कि उसके घर के पास जिला पंचायत द्वारा सीमेंट की सडक बन रही है। आरोप है कि उसके विपक्षी अपनी जमीन बचाने के लिए उसका बेर, पीपल का पेड काट डाले। और पुत्री के विरोध पर उन्हें घर में घुस कर मारा पीटा गया। तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। राम आसरे यादव ने मऊआइमा थाने में महेश यादव ,कमलेश कुमार, राज ,ओमप्रकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।उधर ग्राम छीतेमऊ निवासी राम अधार पुत्र मोतीलाल का आरोप है कि बाइक खडी करने को लेकर हुए विवाद में घर में घुस कर मारा पीटा गया। राम अधार ने रतने कुमार ,अभिषेक कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम कल्याणपुर निवासी पियूष श्रीवास्तव पुत्र राकेश कुमार का आरोप है कि उसे अनायास मारा पीटा गया। पियूष श्रीवास्तव ने गांव के प्रेम कुमार ,राजेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# आखिर तालाबों में क्यों नहीं है पानी!

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** तहसील अंतर्गत कई तालाब ऐसे हैं जो कि सूखे पड़े हुए हैं। एक तरफ बढ़ता तापमान इस बात का संकेतक है कि पर्यावरण संरक्षण के नाम पर संचालित योजनाएं उद्देश्य परक नहीं हो पा रही हैं जिसका जीवन्त परिणाम विभिन्न स्वरूपों में अभिव्यक्त हो रहा है। जल संरक्षण मिशन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में तालाबों के संरक्षण व नये तालाबों को बनाने में सरकार द्वारा भारी-भरकम बजट का प्रावधान किया जाता है, किन्तु जमीनी हकीकत से प्रमाणित होता है कि सरकार की मंशा मुताबिक काम नहीं हो पाता है। आखिर तालाबों के नाम पर पैसा कहां खर्च किया जाता है। ज्यादातर गांव में यदि मनरेगा के मद का व्यय-विवरण आकलित किया जाय तो पता चलता है कि तालाब की खुदाई या साफ-सफा?ई में व्यय हुआ है किन्तु पानी विहीन पड़े तालाब इस बात की गवाही देते हैं कि योजना सिर्फ कागजी हैं और पैसे का दुरुपयोग किया गया है। क्योंकि यदि ईमानदारी से तालाबों के स्तित्व को लेकर पंचायतों या प्रशासन में गंभीरता होती तो निश्चित तौर पर पानी होता।राजस्व मौजा-भोजपुरवा के तालाब सं-65,319,320, 363,438,या फिर राजस्व मौजा धौहन का तालाब संख्या-व राजस्व मौजा-भइयां के तालाब संख्या- 560, 584, 588, 612, 704, 708, 709, 710, 721, 839, 840, राजस्व मौजा चन्द्रहास के तालाब संख्या --इसी तरह से अन्य गांवों के क?ई ऐसे तालाब हैं जिनमें पानी का नामोनिशान गर्मी आने के पहले ही मिट जाता है उल्लेखित तालाबों में से अधिकांश में केवल एक पाइप डालकर यदि कटाव बंद कर दिया गया होता तो पानी टिक सकता था जबकि कुछ में नहर से नाली का जुड़ाव है किन्तु पट जाने की वजह से पानी आना बंद हो गया है।शेष ऐसे भी हैं जिन पर ग्रामीणों द्वारा खेती की जाती है व ग्रामीणों द्वारा मकान भी बनाए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण पर ग्रामीणों के बीच जनपंचायत आयोजित करने वाली संस्था के प्रदेश प्रभारी अधिवक्ता कमलेश प्रसाद मिश्र का कहना है कि क?ई तालाबों में पाईप लगाकर पानी को सुरक्षित किया जा सकता है किन्तु ग्राम प्रधानों द्वारा पाईप के नाम पर भारी-भरकम पैसे की निकासी की जाती है लेकिन वह पाईप कहीं भी गांव में लगी दिखाई नहीं देगी। जिसका परिणाम यह है कि अधिकांश तालाबों में एक बूंद भी पानी नहीं है।



# चनेथू की रामलीला के हनुमान जी, लालजी पांडेय एलजी गुरु का निधन



**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू के संस्थापक सदस्यों में वरिष्ठ सदस्य लालजी पांडेय एलजी गुरु उम्र 80 वर्ष का हृदय गति रुक जाने से रविवार को निधन हो गया।चनेथू की रामलीला 1962 से हो रही है रामलीला मे विभिन्न पात्रों दशरथ, जनक, हनुमान आदि विभिन्न पात्रों का जीवंत अभिनय करने वाले एलजी गुरु ने रामलीला में लगभग हर जिम्मेदारी को बखूबी पूरे तन्मयता से निभाते थे 2022 में 61 वर्ष की रामलीला मंचन में भी उन्होंने रामलीला मंचन में पूर्ण सहयोग किया। कामेडियन का रोल करते हुए सभी दर्शकों को हंसाते पुचकारते, दुलारते रहते थे। उनके निधन से रामलीला के पात्रों एवं आयोजकों में शोक का माहौल व्याप्त है। पंडित परशुराम त्रिपाठी, लल्लन प्रसाद पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, राजमणि मिश्रा, लालमनि मिश्रा, सूर्यमणि मिश्रा, मातादीन उपाध्याय, संजय उपाध्याय, रमेश तिवारी, मालिक पांडेय, अरूण पांडेय, अनिल पांडेय, कड़ेदीन उपाध्याय, मंगला उपाध्याय, उदयराज उपाध्याय, कमलेश पांडेय, अखिलेश पांडेय, सुशील उपाध्याय, जयप्रकाश उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, कल्लू पांडेय, सुरेश मिश्रा, त्रिभुवन उपाध्याय, रामू मिश्रा, बड़ेलाल गौड़, उपाध्याय, पवन उपाध्याय, मनीष तिवारी, राजा तिवारी, विपिन मिश्रा, राकी पांडेय, आकाश उपाध्याय, रवि उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, अंकुश मिश्रा, निखिल पांडेय, सर्वेश मिश्रा, शिव मिश्रा, राजेश गौड़, विभव मिश्रा, आनंद उपाध्याय, समाजसेवी बाबा तिवारी सहित तमाम लोगों ने एलजी गुरु को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

# सेंट मैरी स्कूल तरांव में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## नारी ही शक्ति है नर की नारी ही शोभा है घर की के लगे नारे

अखंड भारत संदेश




**रत्योरा।** कोराव के सेंट मैरी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। डॉ गरिमा जायसवाल कैंसर स्पेशलिस्ट कमला नेहरू मेमोरियल हॉस्पिटल प्रयागराज की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही महिलाओं को जागरूक करने का काम किया गया। आयोजन में महिलाओं ने भारी संख्या में हिस्सा लिया। कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ गरिमा जायसवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने का मंतव्य यह है कि महिलाओं को उनके अधिकार प्रदान किए जाए तथा महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार ठोस कदम उठाए जिससे गरीब महिलाओं का उत्थान हो सके। इसी प्रकार सिस्टर जीन मेरी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं अपने हक व अधिकार को जाने और परखे सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करें। जिससे उनका विकास हो सके। विद्यालय की प्रिंसिपल सिस्टर नवीना ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लड़के लड़कियों में भेदभाव नहीं करना चाहिए और अपने अंतः शक्ति को पहचान कर ही उसके अनुसार परिवार का संचालन करना चाहिए। कार्यक्रम में सिस्टर फ्रीडा इस कार्यक्रम में पहाड़ी गांव की गरीब महिलाएं शामिल हुई जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम के बाद महिलाओं ने नारी ही शक्ति है नर की नारी ही शोभा है घर की लिखी तख्तियां हाथ में लेकर जुलूस भी निकाला।

## गीत-संगीत में गूंजे प्रसिद्ध गायकों के स्वर और किया गया सम्मानित




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ग्रामपंचायत पकरी सेवार स्थित जेपी सुपर मार्केट में तहसील स्तरीय दो दिवसीय गीत-संगीत व उभरते कलाकारों की प्रतिभा का साझा मंच के माध्यम से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तहसील स्तरीय गीत-संगीत कार्यक्रम में मंच के माध्यम से उभरती प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुति कर खूब तालिका बटोरी` यह आयोजन सर्व जन हितकारी व्यापार मंडल प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। गीत संगीत बहार कार्यक्रम में गायक संजय शर्मा, गायक प्रशांत प्रियदर्शी, गायक सूरज गौड़ सहित कई गायकों ने भजन, कव्वाली, नाटक, नृत्य की कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुति पर लोगों ने जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया। एम एल पब्लिक स्कूल के बच्चे तासी वर्मा, ईशिका केशरी, वर्षा गुप्ता, वर्तिका केशरी टीचर नेहा गुप्ता गीत -संगीत और नृत्य का प्रदर्शन करके लोगो का मन मोह लिया। वही रविवार को दुसरे दिन के आयोजन में जेपी सुपरमार्केट के आयोजन में लोगों की भारी भीड़ रही । मुख्य अतिथि के रूप में एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र, तहसीलदार डॉक्टर विशाल शर्मा व भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल का वरिष्ठ पत्रकार जय प्रकाश दुबे ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम मे कृष्ण सुदामा नाटक की सुंदर प्रस्तुति पेश की गई जो आकर्षक का केंद्र रहा। कृष्ण का रोल नन्हे बच्चे व सुदामा का रोल कार्यक्रम के आयोजक पत्रकार जयप्रकाश द्विवेदी के समधी माधव शुक्ल (लोको पायलट) ने किया। इस आयोजन मेंरामशिरोमणि तिवारी, सपा नेता नितेश तिवारी, हरिकांत पाण्डेय, विनय शुक्ला, एसीपी मेजा के पेशकार दरोगा संजय अवस्थी, चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा, दरोगा गौरव यादव, दरोगा अरुण कुमार सिंह, आदर्श शुक्ला, अंकित द्विवेदी, विकास द्विवेदी, राजीव सिंह, गोपाल जी, विनोद कुमार विश्वकर्मा, राम कैलाश विश्वकर्मा,धनंजय प्रजापति, सतीश चंद्र विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## एसटीएफ ने हत्या की साजिश रचने वाली महिला व उसके आशिक को किया गिरफ्तार

**झूंसी।** एसटीएफ व झूंसी पुलिस ने रविवार की शाम एक महिला को उसके आशिक के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों से झूंसी थाने में पूछताछ चल रही है बताया जा रहा है कि महिला ने अपने आशिक के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की सुपारी दी थी। पुलिस शूटरों की तलाश में छापेमारी कर रही है। झूंसी के हवेलिया की एक महिला ने अपने आशिक के साथ मिला कर अपने पति की हत्या कराना चाहती थी। उसने आशिक के माध्यम से शूटरों को 1लाख 85 हजार में सुपारी दी थी। लखनऊ एसटीएम शूटर का फोन टेप कर रही थी। शूटर के पीछे लखनऊ एसटीएफ रविवार को झूंसी पहुंची लेकिन झूंसी में शूटरों को फोन आफ हो गया। वारदात से पहले एसटीएफ ने झूंसी पुलिस के साथ मिल कर महिला व उसके आशिक को गिरफ्तार कर लिया। महिला के फोन से मिले चैट से पता चला है कि महिला हर हाल में अपने पति की हत्या करानी चाह रही थी। उसका पति गाजियाबाद में प्राइवेट जॉब करता था होली के पहले घर आया था। रविवार को झूंसी में उसकी हत्या की साजिश थी। उसकी हत्या होती इससे पहले ही एसटीएम शूटरों को दबोचना चाहती थी। लेकिन शूटर पकड़ में नही आया। महिला व उसके आशिक से पूछताछ चल रही है।

# फौजी की पत्नी समेत 2 से चेन स्नेचिंग

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में राह चलती महिलाओं से छिनैती की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। शनिवार को नगर के धूमनगंज और करेली क्षेत्र में ऐसी 2 घटनाएं हुईं। बाइकर्स गैंग ने एक फौजी की पत्नी व एक अन्य महिला का मंगलसूत्र और पर्स छीन लिया ।करेली इलाके में हुई घटना में ई-रिक्शा सो जा रही महिला का पर्स से छीना गया। महिला ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, जिसके चक्कर में वह ई रिक्शा से नीचे गिरकर घायल हो गई। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया है। प्रयागराज नगर के करेली थाना अंतर्गत जीटीबी नगर निवासी सबीना खातून शनिवार की शाम को ई रिक्शा से अपने घर की ओर जा रही थी। शहनाई गेस्ट हाउस के पास पीछे से एक बाइक से 2 लड़के आए। बाइक चालक ने ई-रिक्शा के बगल में बाइक सटाई और सबीना खातून के हाथ से पर्स छीन लिया। बदमाश पर्स तो छीन ले गया लेकिन छीना झपटी के दौरान शबीना खातून ई रिक्शा से नीचे गिरकर घायल हो गईं। पुलिस को सूचना दी गई। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी है।

**फौजी की पत्नी के टॉप्स, मंगलसूत्र छीना :** धूमनगंज थाना क्षेत्र के नेहरू पार्क के पास शनिवार शाम को मोहल्ले की महिलाओं के साथ पहले निकली फौजी जयशंकर प्रसाद की पत्नी पूनम के गले से मंगलसूत्र और कान से सोने के टप्स छीन लिये गए गए। जिससे पूनम घायल भी हो गई हैं। उन्होंने भी संबंध में थाने में लिखित सूचना दी है। प्रयागराज नगर में खेती की घटनाएं लगातार हो रही हैं। उनके पति जयशंकर लद्दाख में तैनात हैं।

## 31 अभ्यर्थियों का चयन निरस्त करने की संस्तुति, असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ था चयन, नहीं किया ज्वाइन

**प्रयागराज।** राजकीय महाविद्यालयों में वर्ष 2021 में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के ज्वाइन न करने पर उच्च शिक्षा निदेशालय ने उनका चयन निरस्त करने की संस्तुति शासन के भेजी है ।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सीधी भर्ती के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों का चयन परिणाम 2021 में घोषित किया था। जो अभ्यर्थी चयनित घोषित किए गए थे, उनमें से 31 अभ्यर्थियों ने ज्वाइन नहीं किया। कुछ अभ्यर्थी इस मामले को लेकर कोर्ट चले गए तो उच्च शिक्षा निदेशालय ने महाविद्यालयों से सूचनाएं मंगाईं, जिसके बाद पता चला की 31 अभ्यर्थियों ने ज्वाइन नहीं किया हैकार्मिक विभाग के नियमों के तहत अभ्यर्थी को ज्वाइन करने के लिए अधिकतम तीन माह का वक्त दिया जाता है। विशेष पर परिस्थितियों में यह मियाद तीन माह के लिए बढ़ाई जा सकती है, लेकिन कुछ मिलाकर छह माह से अधिक समय नहीं दिया जाता। उच्च शिक्षा निदेशालय के सूत्रों ने बताया कि छह माह बाद भी ज्वाइन न करने पर निदेशालय ने 31 अभ्यर्थियों का चयन निरस्त करने की संस्तुति शासन को भेज दी है।



# व्यापार मंडल कार्यालय पर होली मिलन समारोह संपन्न

**मेजा रोड।** रविवार को मेजारोड व्यापार मंडल कार्यालय पर व्यापार मंडल संरक्षक इंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय के नेतृत्व में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए होली त्यौहार की बधाई दी गई। व्यापार मंडल संरक्षक नित्यानंद उपाध्याय ने कहा कि इस त्यौहार से हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है होली सिर्फ एक प्रेम और रंगों का त्योहार नहीं बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार है।वरिष्ठ समाजसेवी सिद्धांत तिवारी ने कहा कि यह पर्व हमें आपस में जोड़ता है इसमें लोग आपसी मतभेदों को भुलाकर आपसी सौहार्द और सहयोग बढ़ाने का काम करते हैं।व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कहा कि होली त्यौहार पूरे देश में परंपरा हर्ष उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाने वाला त्यौहार है होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। मंत्री ओपी पांडे ने कहा कि होली पर्व हमारे देश में उपस्थित बहुसांस्कृतिक समाज की जीवंत रंगों का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप

### नैनी पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 06 अदद अवैध देशी बम बरामद

**नैनी।** एसीपी करछना अजित सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में गठीत पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर रविवार को अभियुक्त अंकुर यादव पुत्र कंशराज यादव निवासी ददरी तालूका नवगवाँ चाका नैनी उम्र करीब 27 वर्ष को चाका देशी ठेका के आगे स्थित एफ0सी0आई0 के समीप थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार कर कब्जे से 06 अदद अवैध देशी बम बरामद किये गये। । उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नैनी में विस्फोटक पदार्थ अधि0 पंजीकृत किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण अंकुर यादव पुत्र कंशराज यादव निवासी ददरी तालूका नवगवाँ चाका नैनी प्रयागराज, उम्र करीब 27 वर्ष गिरफ्तारी बरामदगी करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 उपेन्द्र कुमार तिवारी चौकी गंगोत्रीनगर थाना नैनी संजय कुमार यादव उमेश यादव थाना नैनी रहें।

# मुस्लिम हॉस्टल सील होने से सड़क पर 167 छात्र

## आज से शुरू होगी यूनिवर्सिटी में परीक्षा, छात्रों के एडमिट कार्ड और नोट्स कमरे में ही बंद

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद सील किए गए मुस्लिम हॉस्टल से छात्रों की समस्याएं बढ़ गई हैं। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में कल यानी 13 मार्च से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। ऐसे में कुछ छात्र तैयारी करने के बजाय स्टेशन पर रुके हैं, तो कुछ डीएम ऑफिस में धरना देने को मजबूर हैं। उनका पूरा सामान हॉस्टल में ही कैद है। वहीं, दूसरी तरफ इलाहाबाद यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि इस हॉस्टल से हमारा कोई संबंध नहीं।अब सवाल है कि जिन 100 से ज्यादा छात्रों ने पिछले महीने 12 से 18 हजार रुपए हॉस्टल फीस के रूप में दिया, वह अब कहां जाएं? हमने उन छात्रों से बात की। हॉस्टल के वार्डन से मौजूदा स्थिति के बारे में जाना। प्रशासन का पक्ष जाना। साथ ही उमेश हत्याकांड में शामिल सदाकत के बारे में कुछ जरूरी जानकारी हासिल की। आइए सबकुछ एक तरफ से जानते हैं।

**107 कमरे छात्रों के सामान के साथ सीज :** उमेश पाल का मर्डर धूमनगंज की जयंतीपुर कॉलोनी में 24 फरवरी को हुआ। जांच शुरू हुई तो इस हत्याकांड के तार मुस्लिम हॉस्टल के कमरा नंबर 36 से मिले। 27 फरवरी को हॉस्टल के इसी कमरे में अवैध रूप से रह रहे हाईकोर्ट के वकील सदाकत खान को गिरफ्तार कर लिया गया।इसके बाद जिला प्रशासन ने 5 मार्च को हॉस्टल के बाहर नोटिस चस्पा की और 6 मार्च को हॉस्टल को पूरी तरह से सील कर दिया गया। होली की छुट्टी के कारण ज्यादातर छात्र घर गए थे। ऐसे में उन्हें अपना सामान निकालने का भी वक्त नहीं मिला।इस वक्त हॉस्टल में 107 कमरे हैं। इसमें कुल 194 छात्र रहते थे। इसमें 167 छात्र ऐसे हैं, जिन्होंने पिछले महीने ही 12 से 18 हजार रुपए तक की फीस जमा की थी। बाकी 27 ऐसे छात्र थे, जिन्होंने फीस जमा नहीं की लेकिन अवैध रूप से हॉस्टल में ही रह रहे थे। इसमें सदाकत खान भी शामिल था। जो कमरा नंबर 36 में रह रहा था।

**रामबाग स्टेशन पर सोने को मजबूर छात्र**

कुशीनगर के इरफान अली इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से एमएससी कर रहे हैं। मुस्लिम हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया, ₹15 फरवरी को ही हॉस्टल अलॉट हुआ था। 27 फरवरी तक मेरी परीक्षा हुई और फिर मैं घर चला गया।होली के बाद वापस आया तो गेट के अंदर ही एंट्री नहीं मिल रही। मेरा सारा सामान कमरे में ही है। मैं क्या करूं, मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा। 5 दिन से हमारे साथी रामबाग रेलवे प्लेटफॉर्म पर सोने को मजबूर हैं।बलरामपुर के सलमान अली यूनिवर्सिटी से एमए कर रहे हैं। हॉस्टल के कमरा नंबर 7 में रहते हैं। वह बताते हैं, छात्र मुस्लिम बोर्ड ट्रस्ट के अध्यक्ष बरकत अली के घर के बाहर भी धरना कर चुके हैं। हॉस्टल को सील करने में जितना योगदान प्रशासन का है उतना ही हॉस्टल प्रशासन का भी है। पिछले महीने बरकत अली ने खुद ही हॉस्टल बंद करने के लिए लेटर लिखा था।

**हॉस्टल के बजाय होटल में रखने की बात :** हॉस्टल के सील किए जाने के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल मो. आमिर कहते हैं, हॉस्टल प्रशासन अब कह रहा कि आप लोगों को प्रयागराज रेलवे स्टेशन के पास की अब्दुला मरकज होटल में रखा जाएगा। आखिर वहां छात्र कैसे पढ़ाई करेंगे। छात्र ने तो हॉस्टल में रहने का पैसा दिया है। यहां उसे एक माहौल मिलता है। फिर उसे तो इसी जनवरी-फरवरी महीने में हॉस्टल मिला। अब अगर कह दिया जाए कि होटल में रहो या फिर ईद के बाद आओ तो फिर वह पढ़ाई कब करेगा ।छात्रों का एक गुट हॉस्टल प्रशासन पर आरोप लगाता है कि यह सब कुछ पैसों की वजह से हो रहा है। प्रशासन चाहता है कि इस वक्त सारा हॉस्टल खाली हो जाए और फिर उसे नए सिरे से अलॉट किया जाए और फिर से छात्रों से पैसा लिया जाए।

**पूरा हॉस्टल सील करवाने की गलती कर दी :** हॉस्टल के सुपरिटेंडेंट इरफान अहमद बताते हैं कि जिला प्रशासन को हमने जो लिस्ट दी उसके मुताबिक 167 छात्र ऐसे थे, जिन्होंने यहां फीस जमा की थी। 27 छात्र ही ऐसे थे जो बिना फीस दिए यहां रह रहे थे। यूनिवर्सिटी से कोई संबंध नहीं होने की बात पर वह कहते हैं कि यहां रहने वाला छात्र यूनिवर्सिटी में ही पढ़ रहा है, तो फिर यूनिवर्सिटी प्रशासन कैसे कह सकता है कि उसे इस हॉस्टल से मतलब नहीं। हॉस्टल के ही एक कर्मचारी एहसान अली कहते हैं, हमसे एक चूक यह हुई कि हमने पूरे हॉस्टल को सील करने की बात कह दी। जबकि हमें उन्हीं कमरों को सील करवाना था जिसमें छात्र अवैध रूप से रह रहे थे। अब हमारे वो छात्र भी परेशान हो रहे जिन्होंने फीस जमा की है और उनकी परीक्षा होने वाली है।

# माफिया अतीक के करीबी बली पंडित को खोज रही पुलिस, शाइस्ता से मुलाकात के बाद चर्चा में आया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सीसीटीवी फुटेज में दिखने के बाद अतीक का गुर्गा बली पंडित एक बार फिर चर्चा में आ गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। शहर का पुराना अपराधी बली पंडित कई लोगों से रंगदारी मांग चुका है। शुक्रवार को एक सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ था जिसमें शाइस्ता परवीन ढाई लाख के इनामी गुर्गे साबिर के साथ दिख रही हैं। पता चला था कि वह नीवा में बली पंडित के घर गई थी।वीडियो वायरल होते ही बली पंडित की तलाश शुरू हुई। बली पंडित अतीक का गुर्गा है। उसने अतीक के नाम पर कई लोगों से रंगदारी मांगी और उनकी जमीनें भी हड़पी थीं। शहर के कई थानों में उसके खिलाफ संगीन मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। 2018 में उसने विवेकानंद मार्ग पर रहने वाले होटल मालिक अमित अग्रवाल से पांच लाख की रंगदारी मांगी थी। उसने फोन से कई बार अमित के मोबाइल पर कॉल किया था।फोन न उठाने पर उसने अपने रिश्तेदार को होटल पर भेजा। रिश्तेदार ने अपने मोबाइल से अमित की बली पंडित से बात कराई तो उसने पांच लाख देने को कहा। न देने पर जान से मारने की धमकी दी। अब पुलिस बली पंडित की तलाश कर रही है। उससे शाइस्ता और शूटर साबिर के बारे में पूछताछ की जाएगी।

## शाइस्ता परवीन पर पच्चीस हजार का ईनाम घोषित

**प्रयागराज।** बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के प्रमुख गवाह अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड की साजिश रचने में नामजद कराई गई अतीक की पत्नी और बीएसपी नेता शाइस्ता परवीन अब पच्चीस हजार रुपए की इनामिया है। अंडरग्राउंड रहकर वकीलों के माध्यम से अपने दो नाबालिग बेटो के संबंध में कोर्ट के जरिए लड़ाई लड़ रही हैं। शाइस्ता परवीन को पुलिस तलाश रही है वही 11 मार्च को ढाई लाख के इनामी शूटर साबिर के साथ शाइस्ता परवीन का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद उस पर पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। उसकी तलाश में पुलिस अब तक कई जगह दबिश दे चुकी है। लेकिन वह गिरफ्त में नहीं आई है। प्रयागराज नगर निगम में महापौर का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही शाइस्ता परवीन कि बीएसपी में एंट्री होते ही उमेश पाल की हत्या ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। पुलिस की तरफ से जिस तरह से कार्यवाही हो रही है। ऐसे में बहुत कम उम्मीद है कि शाइस्ता परवीन को बीएसपी की तरफ से टिकट मिलेगा। उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, शाइस्ता परवीन, गुड्डू मुस्लिम और गुलाम को नामजद किया गया है। इस मुकदमे में बाद में अतीक के बेटे असद को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है। असद, गुड्डू मुस्लिम, अरमान, साबिर और गुलाम पर पहले ही ढाई ढाई लाख रुपए का इनाम घोषित है। शनिवार को पुलिस ने अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन पर भी पच्चीस हजार रुपए के इनाम की घोषणा की। उमेश पाल हत्याकांड में नामजद होने के बाद से ही शाइस्ता परवीन अंडर ग्राउंड है।

**उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रही बीएसपी की नेता शाइस्ता परवीन**



## अतीक से पूछताछ के लिए एसटीएफ की स्पेशल टीम गुजरात रवाना, साबरमती जेल में बंद है माफिया

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के मामले में पूछताछ के लिए एसटीएफ की एक स्पेशल टीम माफिया अतीक अहमद से पूछताछ के लिए गुजरात रवाना हो गई है। माफिया साबरमती की जेल में बंद है। एसटीएफ के अधिकारी उससे हत्याकांड के बारे में पूछताछ करेगी। सूत्रों की मानें तो माफिया अतीक अहमद को गुजरात से यूपी लाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। इसका आदेश कभी भी जारी हो सकता है। इसके लिए एसटीएफ की ओर से सारी प्लानिंग कर ली गई है।गुजरात से यूपी लाने की जिम्मेदारी एसटीएफ को ही सौंपी गई है। सूत्रों की मानें तो हाल ही में एसटीएफ से जोड़े गए एनकाउंटर स्पेशलिस्ट अनंत देव तिवारी को अतीक को यूपी लाने की जिम्मेदारी दी गई है। एक सौ से अधिक एनकाउंटर कर चुके अनंत देव की गिनती तेज तर्रार आईपीएस अधिकारियों में होती है।

## माध्यमिक, परिषदीय विद्यालयों में पांच साल से नहीं हुई भर्ती, भटक रहे बीएड बीटीसी, डीएलएड के अभ्यर्थी

**प्रयागराज।** प्रदेश में हर साल डेढ़ लाख अभ्यर्थी बीएड की पढ़ाई पूरी करते हैं। बीएड करने के पीछे उनका एकमात्र लक्ष्य शिक्षक बनना है। यही लक्ष्य बीटीसी-डीएलएड के अभ्यर्थियों का भी है, लेकिन राजकीय माध्यमिक विद्यालयों और परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में पिछले पांच वर्षों से कोई नहीं भर्ती नहीं आई और अभ्यर्थी डिग्री-डिप्लोमा लेकर नौकरी के लिए भटक रहे हैं।राजकीय विद्यालयों में सहायक अध्यापक यानी एलटी ग्रेड शिक्षक के पदों पर भर्ती के लिए मार्च 2018 में विज्ञापन जारी किया गया था। इसके बाद एलटी ग्रेड शिक्षक की कोई नहीं भर्ती नहीं आई। इस भर्ती में बीएड की अर्हता अनिवार्य है। उत्तर प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान तकरीबन 7.50 लाख अभ्यर्थी बीएड की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं और डिग्री होने के बावजूद नौकरी के लिए भटक रहे हैं।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पास एलटी ग्रेड शिक्षक के तकरीबन छह हजार पदों का अधियाचन पड़ा है, लेकिन समकक्ष अर्हता पर स्थिति स्पष्ट न होने से भर्ती अटकी पड़ी है। यह प्रक्रिया लगभग एक साल से लंबित पड़ी है। ऐसे में सरकारी स्कूलों में नौकरी का सपना लेकर घूम रहे बीड डिग्रीधारकों को फिलहाल जल्द राहत मिलती नजर नहीं आ रही।वहीं, परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के पदों पर भर्ती के लिए पिछले पांच वर्षों से कोई भर्ती नहीं निकली है। इस दौरान पांच लाख से अधिक अभ्यर्थी बीटीसी-डीएलएड की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। कटरा में रहने वाले प्रतियोगी छात्र मृत्युंजय दुबे और तिलकनगर के अंशुमान सिंह का कहना है कि बीटीसी-डीएलएड अभ्यर्थी सिर्फ प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक भर्ती के लिए अर्हता रखते हैं।अगर भर्ती नियमित रूप से नहीं करनी है तो बीटीसी-डीएलएड का कोर्स भी बंद कर देना चाहिए। प्रतियोगी छात्र मोर्चा के अध्यक्ष विक्की खान का कहना है कि छात्र शिक्षक बनने के लिए कड़ी मेहनत करके बीएड और बीटीसी-डीएलएड का कोर्स पूरा करते हैं। ऐसे में सरकार को हर साल नियमित रूप से शिक्षकों के पदों पर भर्ती निकालनी चाहिए। अगर इस साल भर्ती नहीं निकली तो बेरोजगारों की फौज और बढ़ेगी।

# परेड ग्राउंड में आयोजित सामूहिक विवाह योजना : आज लेंगे 11 सौ जोड़े सात फेरे



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** परेड ग्राउंड में आज एक साथ 1100 जोड़े सात फेरे लेंगे और हमेशा के लिए विवाह के बंधन में बध जाएंगे। इसके लिए पूरी तैयारी हो चुकी है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से यह आयोजन हो रहा है। इसमें पंजीकृत श्रमिकों के बेटियों की शादी कराई जाएगी। खास बात यह है कि यहां हिंदू, मुस्लिम समेत सभी धर्मों से जुड़े जोड़े अपने अपने धार्मिक मान्यता के अनुसार यहां शादी की रस्में पूरी करेंगे। उप श्रम आयुक्त राजेश मिश्रा ने बताया कि इसमें प्रयागराज के अलावा मंडल के सभी जनपद (प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ और फतेहपुर) के श्रमिकों के बेटियों की शादी कराई जाएगी। बेटियों को उपहार स्वरूप सामान भी दिया जाएगा।

### किए गए हैं विशेष इंतजाम

उप श्रमायुक्त राजेश मिश्रा ने बताया कि किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए पूरा इंतजाम किया गया है। इसके लिए एक कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने-अपने विकास खंडों में सामूहिक विवाह में वर-वधू सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के लाने की जिम्मेदारी देखें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर प्रत्येक ब्लाक वाइज एक प्रभारी नियुक्त किये जाने का निर्देश दिया है। महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस सहित पर्याप्त संख्या में मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# खतरे में अस्तित्व : मार्च के महीने में टापू में तब्दील हुई गंगा नदी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** फरवरी महीने से शुरू हुई गर्मी का प्रचंड रूप दिखना शुरू हो गया है एक तरफ जहां फरवरी के महीने में अप्रैल जैसी गर्मी देखने को मिली वहीं अब मार्च के दूसरे हफ्ते में नदियां सूखने लगी हैं ।हालात यह है कि संगम क्षेत्र की गंगा नदी में कई जगह टापू नजर आ रहे हैं । फिलहाल गंगा की जो तस्वीर देखने को मिल रही है वह बेहद दयनीय है। जिस जगह देश और दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला माघ मेला लगा हुआ था आज उस क्षेत्र में गंगा का अस्तित्व खत्म होता दिख रहा है संगम क्षेत्र में जगह-जगह अभी से ही टापू बन गए हैं और अधिकतर क्षेत्र रेत के मैदान में तब्दील होता नजर आ रहा है। गंगा नदी भी सुकूड़ कर रह गई है। जहां कुछ दिन पहले लोग आस्था की डुबकी लगाते थे वहां पर रेत के टापू नजर आ रहे है ।श्रद्धालुओं की बात माने तो उनका कहना है कि ऐसी तस्वीर मई के आखिरी दिनों में देखने को मिलती है लेकिन मार्च महीने के शुरूआती दिनों में ही ऐसी तस्वीर देखना आश्चर्यचकित करने वाली बात है ।ऐसी स्थिति में सबसे ज्यादा दिक्कतें मवेशियों को आती हैं ,तट के किनारे रहने वाले लोग को आती है ,दूर दराज से संगम में स्नान करने के लिए आ रहे श्रद्धालुओं को आती है। लोगों का यह भी कहना है कि माघ मेले के दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी मौजूद था लेकिन जैसे ही माघ मेला खत्म हुआ गंगा विलुप्त होती नजर आ रही है। ऐसी स्थिति में सरकार को जल्द से जल्द बांध से पानी छोड़ना चाहिए ताकि गंगा के अस्तित्व को बचाया जा सके फरवरी के महीने में ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया था ऐसे में इसका असर गंगा पर भी दिख रहा है जब हमारी टीम संगम क्षेत्र पहुंची तो पानी की स्थिति देख करके दंग रह गई संगम क्षेत्र में अभी भी अस्थाई पार्टून पुल के नीचे गंगा नदी विलुप्त होती नजर आई। हर जगह रेत का मैदान ही देखने को मिल रहा है।गौरतलब है कि फरवरी के ही महीने में प्रयागराज का तापमान 31 डिग्री तक पहुंच चुका था और मार्च के शुरूआती दिनों की बात करें तो पारे में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है ।ऐसे में लोगों का कहना है कि अप्रैल और मई के महीने में गर्मी अपने सभी रिकॉर्ड को तोड़ देगी और तापमान 50 डिग्री तक पहुंच जाएगा।

# धर्मांतरण प्रकरण में सर्च वारंट लेकर शुआट्स पहुंची फतेहपुर एसआईटी टीम

## सभी अधिकारियों के कार्यालयो में रखी फाइलों को खंगाला

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** धर्मांतरण के प्रकरण में फतेहपुर पुलिस और एसआईटी टीम रविवार को कोर्ट से सर्च वारंट लेकर नैनी कोतवाली के महेवा स्थित शुआट्स पहुंची। पुलिस ने प्रशासनिक भवन स्थित कुलपति आरबी लाल, उनके भाई विनोद बी लाल और एसबी लाल के कार्यालयों को खुलवाकर जांच कर रही है। फतेहपुर पुलिस और एसआईटी की टीम कई अभी भी परिसर में मौजूद है। वहा के सभी कार्यालयों को खुलवाकर छानबीन की जा रही है। इससे कर्मचारियों में अफरा तफरी मची रही। कर्मचारियों के यह समझ में नहीं आ रहा है कि क्या जवाब दे। इसी संशय की वजह से कर्मचारियों में डर साफ झलक रहा था। रविवार को फतेहपुर जनपद के 4 डिप्टी एसपी एसआईटी की टीम और लोकल पुलिस की टीम ने महेवा स्थित शुआट्स (कृषि विश्वविद्यालय) में फतेहपुर डिस्ट्रिक कोर्ट से पुलिस ने सर्च वारंट हासिल किया था। आज वही सर्च वारंट लेकर फतेहपुर सीओ सिटी वीर सिंह, सीओ थरियांव प्रगति यादव, सीओ जाफरगंज अनिल कुमार, सीओ खागा दिनेश चन्द्र मिश्र और एसीपी करछना अजित सिंह चौहान के साथ शुआटस पहुंचे। टीम ने कुलपति से लेकर सभी अधिकारियों के कार्यालय खुलवा कर वहां के दस्तावेज चेक किए गए कई जरूरी फाइलें एसआईटी टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है। पूर्वान्ह 11:00 बजे पहुंची पुलिस टीम देर शाम तक दस्तावेज खंगालती रही। सारी कार्रवाई बेहद गोपनीय रखी गई। मीडिया से कुछ भी नही शेयर किया गया।पिछले वर्ष अप्रैल में हुई थी पहली एफआईआर अवैध धर्मांतरण मामले में पहली एफआईआर 15 अप्रैल 2022 को फतेहपुर कोतवाली में दर्ज करवाई गई थी। इसके बाद 23 जनवरी 2023 को भी कोतवाली फतेहपुर में 2 नए मामले दर्ज हुए। इसी मामले में शुआट्स के चांसलर, वाइस चांसलर और अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस को है। दरअसल फतेहपुर के हरिहरगंज स्थित इवेंजिकल चर्च में 14 अप्रैल 2022 को सामूहिक धर्मांतरण करवाए जाने का मामला सामने आया। मामले में 15 अप्रैल 2022 को फतेहपुर की कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था।

### गिरफ्तार54 आरोपियों में 17 की हो चुकी है गिरफ्तारी

आरोप था कि आरोपियों ने नौकरी, शिक्षा और घर देने का वादा कर लोगों का धर्म परिवर्तन कराया है। जो अभी भी जारी है। जांच में शुआट्स के चांसलर डॉ जेट्टी ए. ओलिवर, वीसी आरबी लाल और प्रशासनिक अधिकारी विनोद बी लाल की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। मामले में अब तक 54 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इनमें से 17 जेल में हैं, 36 ने अग्रिम जमानत हासिल कर ली है और तीन फरार हैं। इसके अलावा एसटीएफ प्रयागराज ने भी 2 फरवरी 2023 को वाइस चांसलर प्रफेसर आरबी लाल समेत 11 के खिलाफ अवैध नियुक्तियों व वित्तीय अनियमितता के मामले में नैनी कोतवाली एफआईआर दर्ज कराई है।



## इलाहाबाद हाईकोर्ट के दस न्यायमूर्ति हुए स्थायी, सोमवार को लेंगे शपथ

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के 10 अतिरिक्त न्यायाधीश, सोमवार 13 मार्च को स्थायी न्यायाधीश की शपथ लेंगे। शपथ कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर द्वारा दिलाई जाएगी। शपथ समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में सुबह 10 बजे से होगी।शपथ समारोह के कारण अदालती कामकाज 11.30 बजे से शुरू होगा। शपथ समारोह में सभी न्यायमूर्तिगण, न्यायिक अधिकारीगण व बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल होंगे। सर्किट टीवी के जरिए शपथ समारोह के न्याय कक्ष के बाहर प्रसारण की व्यवस्था की गई है। शपथ लेने वाले न्यायमूर्तियों में न्यायमूर्ति चंद्र कुमार राय, न्यायमूर्ति कृष्ण पहल, न्यायमूर्ति समीर जैन, न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव, न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी, न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह, न्यायमूर्ति विकास बुधवार, न्यायमूर्ति ओम प्रकाश त्रिपाठी, न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान शामिल हैं।

# प्रमोद तिवारी के विपक्ष के उपनेता बनने पर रामपुर खास में हुआ होली व दीवाली जैसा जश्न, गाजे-बाजे के साथ एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर क्षेत्र भर में जश्न का दौर



कैम्प कार्यालय पर मुंह मीठा कराकर खुशी मनाते कांग्रेसी।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी को राज्यसभा में विपक्ष का उपनेता बनाये जाने पर रविवार को कांग्रेसीगढ़ रामपुर खास खुशी से झूम उठा। लालगंज में रविवार को कांग्रेसियो का जश्न इस कदर रंगत मे दिखा कि लगा रामपुर खास में होली और दीवाली की खुशियां आज भी चहक उठी है।

उत्साह से लवरेज कांग्रेसियो ने विधायक के कैम्प कार्यालय से जश्न मनाते हुए इंदिरा चैक पहुंचकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। संयोगात पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों मे शामिल होने लालगंज पहुंची सांसद प्रमोद तिवारी की छोटी सुपुत्री डा. विजयश्री सोना के कैम्प कार्यालय पर पहुंचने पर जश्न रंगत मे आ गया। वहीं क्षेत्र के सांगीपुर, दीवानगंज, रामगंज बाजार, अठेहा, रानीगंज कैथौला, धारूपुर, भटनी, बसन्तगंज मे भी प्रमोद तिवारी के पार्टी संसदीय दल के राज्यसभा मे उपनेता बनने की खुशी लोगों मे देखी गयी। कार्यकताओं व समर्थको ने जगह जगह पटाखे छोडे। गाजे बाजे के साथ नाचते गाते एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया।

कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की छोटी सुपुत्री डा. विजयश्री सोना का भी मुंह मीठा कराया और अपनी खुशी का जोरदार प्रदर्शन किया। विजयश्री सोना ने कार्यकताओं के उत्साह व समर्थन को लेकर आभार भी जताया। चैक पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल व केडी मिश्र के साथ कार्यकर्ता एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर नेशनल हाइवे से गुजरने वाले लोगों को भी मिठाईयां बांटते दिखे। यहां संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश, व्यापारमण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, विकास मिश्र, आरपी वर्मा, छोटे लाल सरोज, पवन शुक्ल, पप्पू जायसवाल, रमेश कौशल, मो. मोकीम, जावेद, दयाराम वर्मा, प्रमोद सरोज, बृजेश द्विवेदी, विकास पाण्डेय, दिनेश सिंह, संजय सिंह, आईपी मिश्र आदि मौजूद रहे।

## प्रमोद तिवारी के उपनेता बनने पर हुई आतिषबाजी, मनाया जष्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी को राज्यसभा में उपनेता बनाए जाने पर कांग्रेस जानो ने कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डॉक्टर लालजी त्रिपाठी के नेतृत्व में ढोल ताशा बजाकर आतिशबाजी की व मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। जिलाध्यक्ष डॉक्टर लालजी त्रिपाठी ने कहा प्रमोद तिवारी के राज्यसभा में उपनेता बनाए जाने से कांग्रेस को मजबूती प्रदान होगी। आम जनता की आवाज को राज्यसभा में मजबूती से रखा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। डॉ प्रशांत शुक्ला ने कहा कि राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी जी के राज्यसभा में उपनेता बनाए जाने से कांग्रेस को प्रदेश व देश में मजबूती प्रदान होगी सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला वह जिला प्रवक्ता कपिल द्विवेदी ने खुशी का इजहार करते हुए कहा प्रमोद तिवारी जी के राज्यसभा में उप नेता बनाए जाने पर पूरे देश के कांग्रेस जनों में खुशी का माहौल है और कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी पीसीसी सदस्य रोहित शुक्ला जमुना प्रसाद पांडेय फतेह बहादुर सिंह दानिश माधव मुफ्ती भाई अजीत सिंह राम रतन तिवारी उत्सव भूषण पाल नगर प्रभारी मोहम्मद इश्तियाक संजय सलीमुल्लाह राईन चंदना शुक्ला चंद्रनाथ शुक्ला अभय किशोर तिवारी, सुधीर तिवारी अवध राज यादव बिलाल भाई जावेद दिलशाद फिरोज खान आदि सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



अम्बेडकर चौराहे पर आतिशबाजी कर जश्न मनाते कांग्रेसी।

## भयहरणनाथ धाम के संस्थापक कोषाध्यक्ष हरिप्रसाद शुक्ल का निधन
### श्री श्रृंगवेरपुर धाम प्रयाग में हुई अंतिम क्रिया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम के संस्थापक कोषाध्यक्ष व पंच परमेश्वर ग्रामीण पुस्तकालय के संस्थापक प्रबंधक व्योबृद्ध पंडित हरि प्रसाद शुक्ल का आज निधन हो गया। सुबह सूचना मिलते ही धाम व कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत के क्षेत्र व समाज में शोक की लहर दौड पड़ी। स्मृति शेष हरि प्रसाद की अंतिम क्रिया श्री श्रृंगवेरपुर धाम प्रयाग में सम्पन्न हुई।

श्री शुक्ल मूल रूप से कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत के छतौना ग्राम के मूल निवासी रहे है। संप्रति वह ग्राम विकास विभाग में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवायें देते रहे। अवकाश प्राप्ती के बाद शुक्ल जी ने 1998 से सामाजिक चिंतक चन्द्र शेखर प्राण की प्रेरणा व मार्गदर्शन में अपनी सेवाये भयहरण नाथ धाम को समर्पित किया। 2001 मे धाम के इतिहास संकलन समिति के अध्यक्ष के रूप मे अपनी विशिष्ट भूमिका निभाई। धाम की आरती व चालीसा की भी आपने रचना की। धाम के महासचिव व बकुलाही पुनरोधार अभियान के संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने कहा कि श्री शुक्ल ने जीवन पर्यंत धाम की सेवा हेतु स्वयं को समर्पित किया जिसका समाज सदैव ऋणी रहेगा और उनकी यादें अक्षुण रहेगी। श्रृंगवेरपुर धाम प्रयाग में पुण्य आत्मा को श्रधांजलि देने वालो मे प्रमुख रूप से भयहरण नाथ धाम के अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, उपाध्यक्ष संगठन डा0 अमर बहादुर सिंह, महासचिव समाज शेखर, सचिव आलोक बैरागी, सच्चा बाबा आश्रम के संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य कृष्ण त्रिपाठी, श्रृंगवेरपुर धाम प्रयाग के सन्युक्त सचिव अमित द्विवेदी, पंडा समाज के अध्यक्ष काली सहाय त्रिपाठी, युवा नेता सूरज मिश्र, राकेश सिंह, पियूष शुक्ल आदि लोग शामिल रहे।

# प्लेटफार्म पर टिकट के बहाने ठगी के शिकार हुए दंपती यात्री
### टिकट दिलाने पति को लेकर अस्पताल पहुंचा उचक्का हुआ गायब

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लुधियाना जा रहा एक दंपती टिकट के बहाने ठगी का शिकार हो गया। ठगी करने वाले उचक्के ने पति को टिकट दिलाने के बहाने अस्पताल ले गया और गायब हो गया। ठगी का शिकार यात्री उसका इंतजार करता रहा। जब नहीं आया तो वह पत्नी को लेकर जीआरपी थाने पहुंचा और आपबीती सुनाई। हरकत में आई जीआरपी ने ठगी करने की खोज में अस्पताल गई लेकिन वह मिला नहीं।

**जीआरपी थाने पहुंचे पति, पत्नी ने बयां की घटना, पड़ताल करने अस्पताल गए सिपाही**

उन्नाव मनोज कुमार पत्नी के साथ ससुराल तुलापुर जेठवारा आया था।

रविवार को पंजाब मेल ट्रेन पकड़ने पत्नी संग प्रतापगढ़ स्टेशन आया था। उसके अनुसार प्लेटफार्म के अंदर घुसते ही उसे एक युवक मिला जो ट्रेन में आरक्षण का टिकट दिलाने के बहाने मनोज से दो हजार और उसकी पत्नी से साढ़े छः सौ अलग से लिया। उसका मोबाइल भी ले लिया। युवक मनोज को ई रिक्शा में बैठाकर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल यह कहकर ले गया कि वहीं पर टिकट मिलेगा। मनोज के अनुसार वह युवक रिक्शा से उतरकर अस्पताल में चला गया वापस नहीं आया। कुछ देर इंतजार के बाद उसे पता चल गया कि वह ठगी का शिकार हो गया है। वह स्टेशन पर इंतजार कर रही पत्नी के पास लौटा। उससे घटना के बारे में बताया। फिर दोनो जीआरपी थाने पहुंचे। दारोगा से पूरी बात बताई। उन्होंने सिपाही को भेजकर अस्पताल में ठगी करने वाले की पड़ताल कराई। लेकिन वह मिला नहीं।

## आबादी की जमीन पर आरोपी कर रहे कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन के विवाद को लेकर आरोपियों ने एक वृद्ध को गाली गलौज देते हुए दौड़ा लिया। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के रसुलहा गांव के रहने वाले सीताराम प्रजापति ने शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पड़ोसी उसकी आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं इसका विरोध उसने किया तो सभी आरोपी उसे गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे तथा उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

# गरीब, अमीर छात्राओं को शिक्षा देने में अग्रणी रहा है साकेत परिवार

**साकेत ग्रुप आफ कालेजज का वार्षिकोत्सव परवरिश सम्पन्न**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत ग्रुप आफ कालेजज का वार्षिकोत्सव परवरिष का शुभारंभ सांसद संगम लाल गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन करके किया। सांसद ने बताया कि महाविद्यालय समाज के सबसे निचले आर्थिक पायदान पर स्थित परिवारों से लेकर शीर्षस्थ पायदान पर स्थित परिवारों तक छात्राओं के लिये उच्च कोटि की राष्ट्रवाद से ओत प्रोत षिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं, इससे नगर और आसपास क्षेत्र में शायद ही ऐसा कोई परिवार या घर हो, जिसकी बहू बेटी षिक्षा न प्राप्त करती हो।

उन्होंने कहा कि यहां की छात्राएं बोर्ड व विष्वविद्यालय में गोल्ड मेडल प्राप्त करती हैं, खुषी होती है और इस पर गर्व होता है। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष प्रेमचंद्र द्वारा मुख्य अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक राजेन्द्र मौर्य, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह, एसपी मिश्रा सेनानी, सिंधुजा मिश्रा, आरएस बेदी, ज्योति त्रिपाठी, शुचिता पाण्डेय, स्निग्धा पाण्डेय, डा0 अर्जुन पाण्डेय, हरिराम चैरसिया, चंद्रषेखर प्राण का माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि हमारी बेटी ने यहीं से षिक्षा प्राप्त किया है इसलिये मैं एक अभिभावक के रुप में कह सकता हूं कि साकेत परिवार एक अग्रणी और उन्नति षिक्षा दे रहा है। पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने 1996 से अब तक के विकास की याद दिलाते हुए कहा कि इस मैं इस महाविद्यालय के प्रत्येक ईंट का साक्षी हूं और इसको अपने सामने बढ़ते हुए देखा है और आज हम सभी को इस पर नाज है। इस अवसर पर साकेत दर्पण का विमोचन प्रो0 राजेष कुमार शर्मा, डा0 चंद्रषेखर प्राण व स्निग्धा पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की छात्राओं अंषिका, आंचल, रष्मि, प्रज्ञा द्वारा साई वंदना, सरस्वती व स्वागत गीत से किया गया। कार्यक्रम का संचालन नाजमीन, विभा, जयति शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य नीलिमा श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया और प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार जताया। इस दौरान छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्षकों का मन मोह लिया।



वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

# सदाचार ही नैतिकता है जिसके बिना जीवन मृत्यु तुल्य है: नित्या त्रिपाठी
### ट्रस्ट निमार्ता एवं मुख्य ट्रस्टी की मनी पुण्य तिथि, लाभार्थी को सौंपा गया आजीवन मासिक पेंशन की फाइल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में अम्मा साहेब ट्रस्ट के निमार्ता एवं मुख्य ट्रस्टी की पुण्य तिथि पर आयोजित आजीवन मासिक पेंशन वितरण समारोह की मुख्य अतिथि अम्मा साहेब ट्रस्ट की संरक्षक सदस्य एवं एम०डी०पी०जी० कालेज, प्रतापगढ़ की पूर्व प्रोफेसर समाजसेविका नित्या त्रिपाठी रहीं।

उन्होंने कहा कि सदाचार ही नैतिकता है जिसके बिना जीवन मृत्यु तुल्य है तथा जो सदाचार नहीं करता वह मृत्यु से भी निम्नतर है। उन्होंने कहा कि आत्मकेंद्रित (स्वकेन्द्रित) मनुष्य अपना सुधार स्वयं नहीं कर पाते हैं क्योंकि उनके ध्यान (दृष्टि) का दायरा अत्यंत ही सीमित होता है। उन्होंने कहा कि मानवता का पुरस्कार अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड (सम्मान पेंशन) के रूप में प्रचलित मुद्रा का प्रसाद प्रदान किए जाने हेतु अम्मा साहेब ट्रस्ट द्वारा जारी अभूतपूर्व सामाजिक अभियान प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा शारदा संगीत महाविद्यालय की छात्रा श्रेया त्रिपाठी को स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु जनहित में निर्धारित शर्तों के अनुपालन के बदले अम्मा साहेब ट्रस्ट द्वारा जारी आजीवन मासिक पेंशन की विस्तृत फाइल सौंपी गयी जिसके तहत उन्हें आजीवन अम्मा साहेब ट्रस्ट के अमृतरुपी कोष से प्रतिमाह अंशदान की राशि के साथ प्रोत्साहन राशि सीधे बैंक खाते के जरिए प्राप्त होती रहेगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहाकि अम्मा साहेब ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य मनुष्य में मौजूद पशुत्व को दिव्यत्व में बदलकर उसे मानवतावादी बनाना है। अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि मानव इतिहास में कभी भी इतनी बड़ी कार्ययोजना बनी नहीं जिसकी वजह से साधारण जीवन जीने के अभ्यस्त साधारण लोगों को महज उसके सम्बन्ध में सुनकर ही यकीन नहीं होता है परन्तु अब जब कारवां चल पड़ा है तो प्रत्यक्षं किं प्रमाणं। शारदा संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया तथा समारोह का संचालन अम्मा साहेब ट्रस्ट की प्रभारी इंजी० नंदिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर एम०पी० त्रिपाठी, सुनील कुमार सिंह, रवि खण्डेलवाल, मनप्रीत कौर, डॉ० आफताब जौनपुरी, पी०एन० पाण्डेय, प्रभाकर पाण्डेय, लक्ष्मी सिंह, नीता सिंह, रीता मौर्य रीतू, सौम्या मिश्रा, कुसुमलता श्रीवास्तव, राम प्रकाश तिवारी, ओंकार नाथ मिश्र, दुर्गेश शुक्ला, विशाल यादव आदि मौजूद रहे।




मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजकगण।

# अमेठी में जीआरपी चौकी खुलने से प्रतापगढ़ का बोझ कम होगा
### ट्रेनों में अपराध को लेकर डैंजर जोन बना है अमेठी और आसपास का इलाका

**चौकी में एक दरोगा और चार सिपाही की हुई है तैनाती, अपराध पर होगा नियंत्रण**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ट्रेनों में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने और अपराधियों पर नकेल कसने की मंशा के मद्देनजर अमेठी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की चैकी को अफसरों को आखिर स्थापित करना ही पड़ा। इसके खुलने से एक ओर ट्रेनों में अपराध की घटनाओं को रोकने में सफलता मिलेगी वहीं फाइलों के बोझ तले दबी प्रतापगढ़ जीआरपी को मानो संजीवनी मिल गई हो। यहां के कामकाज में पहले से और अधिक तेजी आयेगी। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है ट्रेनों में सफर के दौरान यात्रियों के साथ होने वाली लूट,चोरी जैसी कई घटनाएं घट चुकी हैं। अभी भी इन पर अंकुश नहीं लग पाया है। इन घटनाओं से मुसाफिरों में भय व्याप्त रहता है। सूत्रों का कहना है की अधिकांश घटनाएं अमेठी, गौरीगंज और अंतू स्टेशन के इर्द गिर्द होती है। जिससे यह इलाका डेंजर जोन में तब्दील हो गया है। इलाके के अपराधी इतने शातिर हैं उनको पकड़ना जीआरपी के लिए आसान नहीं है। ये पुलिस वालों के लिए सिरदर्द बने हैं। हालांकि कई अपराधी पकड़े भी गए हैं। लेकिन गैंग सक्रिय होने से वारदात थम नहीं रही है।

## एक दशक पहले गया था चौकी का प्रस्ताव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अमेठी में चैकी बनने का प्रस्ताव एक दशक पहले जीआरपी से भेजा गया था। तत्कालीन एसओ उदय प्रताप सिंह ने पहली बार अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाया था। उन्होंने चैकी खोले जाने का प्रस्ताव अधिकारियों के निर्देश पर बनाकर भेजा था। उसके बाद भी कई लोगों ने भेजा। उधर मिजार्पुर लोकगायिका और जम्मू के राज्यपाल के करीबी के साथ हुई लूट की दो वारदात का खुलासा अभी तक जीआरपी नहीं कर पाई है। गायिका की घटना को हुए साल होने वाला है। अमेठी जीआरपी से अब खुलासे की उम्मीद की जा रही है। इस बारे में लखनऊ मंडल के जन संपर्क अधिकारी शंभू विक्रम सिंह का कहना है अमेठी में जीआरपी की चौकी खुलने से असान हो गयी।

# पुराने विवाद को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** छेड़खानी मारपीट के मामले में नामजद होने के बाद आरोपीगण युवक से रंजिश रखने लगे। शनिवार को आरोपियों ने रास्ते में युवक को लाठी-डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया, जिससे युवक बेहोश हो गया इलाज के बाद उसने आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव का रहने वाला हरिलाल पुत्र रामचंद्र गौतम का गांव के रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ 2 साल पहले छेड़खानी मारपीट गाली गलौज के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था जिससे वह उससे रंजिश रखता था शनिवार को हरीलाल मजदूरी करके घर वापस लौट रहा था तभी सरसतपुर मोड़ के पास आधा दर्जन आरोपी लाठी-डंडों से हरीलाल पर हमला बोल दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया। मृत समझ कर आरोपी वहां से चले गए किसी तरह मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया ठीक होने के बाद रविवार को वह पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## भाजयुमो ने पूर्व जल मंत्री का किया स्वागत

**प्रतापगढ़।** भाजयुमो प्रतापगढ़ द्वारा आज पूर्व जल शक्ति मंत्री एवम त्रिपुरा चुनाव प्रभारी महेन्द्र सिंह का त्रिपुरा में प्रचण्ड जीत के बाद जनपद आगमन पर कोहडौर में भव्य स्वागत किया गया। साथ में भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, महामंत्री नितीश, सुजीत, जिला मंत्री अविनाश, चंदन, नीति एवम शोध प्रमुख रजनीश, वरूण सिंह क्षत्रिय उपस्थित रहे।

## नामजद अभियुक्तों की पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के दिलीपपुर थाना क्षेत्र के मरुआन गांव निवासी अरविन्द यादव उर्फ गुड्डू ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिये गये षिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि प्रार्थी द्वारा दिलीपपुर थाने में अपराध संख्या-26/223 में भादवि की धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 452, 352, 427, 342 और 392 में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी घटना के दो सप्ताह बीतने को है, नहीं की जा रही है। इससे हमलावरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। बताया जाता है कि भूमि जमीन में एक जमीन का न्यायालय से स्टे होने के बावजूद विपक्षी जबरन निर्माण कराने पर अमादा हैं। यहां पर स्थानीय पुलिस की ढिलाई से कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। इसको लेकर 13 मार्च को धरना पर बैठना पड़ सकता है। अरविन्द यादव ने डीएम-एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# मांगों को लेकर मजदूर यूनियन ने स्टेशन पर दिया धरना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विभिन्न मांगों को लेकर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने रविवार को स्टेशन लाबी के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पुरानी पेंशन बहाली, रनिंग स्टाफ को ड्यूटी के बाद मोबाइल ऑफ करके जमा करने का आदेश वापस लेने, लोको पायलट ग्रेड 6 को समाप्त करने, रनिंग कर्मचारियों की ड्यूटी आठ घण्टे करने और मालगाड़ियों और मेल एक्सप्रेस के स्टाफ को मुख्यालय ओवर शूट न करने की मांग की गई। अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष मो अफजल खान ने की। शाखा मंत्री धर्मेंद्र दूबे ने और सहायक शाखा मंत्री श्रीकांत त्रिपाठी ने कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रकाश डाला। धरने में केडी तिवारी, विद्या भूषण तिवारी, उदय राज वर्मा, रहमत उल्ला, मो नासिर, निशात, रमेश गुप्ता और मनीष राय समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।




रेलवे स्टशन पर प्रदर्शन करते मजदूर यूनियन के पदाधिकारी।

## कम्पनी गार्डेन में सामूहिक विवाह आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के कम्पनी गार्डेन में नगर पालिका ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया है जिसमें नगर पालिका क्षेत्र व नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज के 25 जोडे. एक दूसरे के बंधन में बंधेंगे। इसकी तैयारी आज से शुरू कर दी गई है। नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने सभी कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है जो अपना दायित्व जिम्मेदारी से निभाएंगे।

## पुरानी रंजिश में युवक को पीटकर आरोपियों ने किया जख्मी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रंजिश की वजह से पड़ोसी आरोपियों ने एक युवक को लाठी-डंडों से घर में घुसकर पीट दिया जिससे उसे गंभीर चोटें आई। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सपहा छात गांव का रहने वाला विमलेशमणि पुत्र बृजेंद्रमणि प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। उसके पड़ोसी से उसका पुराना विवाद चल रहा है। इसी रंजिश की वजह से रविवार की सुबह सात बजे उसके पड़ोसी दो लोग हाथ में लाठी डंडा लेकर घर में घुस गए और विमलेश को लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा जिससे उसे काफी चोटें आई किसी तरह उसने अपनी जान बचाई आरोपी मां बहन की गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## आरोपियों ने महिला को पीट कर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद को लेकर आरोपियों ने एक महिला को घर में घुसकर मारा पीटा था तोड़फोड़ किया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बरहूँपुर गांव की रहने वाली नीलम पत्नी रामनरेश सरोज ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर बीते 8 मार्च को गांव के तीन आरोपी ललकारते हुए उसके घर में घुस गए और उसे जमकर मारा पीटा घर में रखा हुआ सामान तोड़ दिया जिससे उसे काफी नुकसान हुआ पीड़ित महिला ने इस संबंध में कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही में 27 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना करारी से सात थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना सराय अकिल से दो थाना संदीपनघाट से दो थाना कड़ाधाम से 14 कुल 27 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त सुघर सिंह पुत्र भइयालाल निवासी बदलेपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान की कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 116 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया।

# ट्रेन हादसे में युवक की मौत

## मई में युवक की होने वाली थी शादी दोनों परिवार में मचा कोहराम





मृतक तथा रोते बिलखते परिजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन हादसे में एक युवक की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक युवक संदीपन घाट थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जाता है और 10 मई को उसकी शादी होने वाली थी मामले की जानकारी मिलते ही उसकी होने वाली ससुराल और परिवार में भी कोहराम मच गया है रोते बिलखते दोनों परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं। घटनाक्रम के मुताबिक सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र फूलचंद्र रविवार की सुबह कहीं जा रहे थे जैसे ही वह हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के चरवा थाना अंतर्गत सैय्यद सरावा रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे अचानक वह ट्रेन से टकरा गए ट्रेन की टक्कर लगने से वीरेन्द्र कुमार की घटनास्थल पर तड़प तड़प कर मौत हो गई है आसपास के लोगों को मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने के बाद मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी हादसे की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे हैं हादसे की जानकारी जैसे ही मृतक की होने वाली ससुराल तक पहुंची रोते बिलखते ससुराल के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अलग अलग थानों द्वारा सात वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अलग अलग थानों द्वारा सात वारण्टी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त सन्तोष कुमार पुत्र राम सुरेमन निवासी मसीपुर थाना कोखराज, चौबेलाल पुत्र बिन्देश्वरी सरोज, रामराज उर्फ लाला पुत्र चौबेलाल निवासीगण मसीपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा दो वारंटी अभियुक्तों मोहन व सोहन पुत्रगण छोटेलाल निवासीगण रसूलपुर टप्पा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त बच्चा पासी पुत्र ललवा निवासी वार्ड नं0 04 हौलीपर नगर पचायल सिराथू थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त राम खेलावन पुत्र जंगली निवासी बरई बंधवा थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# ड्यूटी पर जा रहे उप निरीक्षक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जिले के पुलिस लाइन में तैनात एक उपनिरीक्षक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है जिससे उपनिरीक्षक घायल हो गए हैं उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उपनिरीक्षक को इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया है। पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र के मुताबिक थाना बदलापुर जनपद जौनपुर क्षेत्र के मुरादपुर कोटिला गांव निवासी चंदन कुमार पुत्र श्याम बहादुर ने बताया कि उसके पिता श्याम बहादुर कौशांबी में उपनिरीक्षक के पद पर पुलिस लाइन जनपद कौशांबी में तैनात हैं श्याम बहादुर बृहस्पतिवार के दिन दो पहिया वाहन से पुलिस लाइन ड्यूटी पर जा रहे थे तभी शाम के समय 7:00 बजे के लगभग अज्ञात वाहन चालक द्वारा तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उपनिरीक्षक की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उपनिरीक्षक को गंभीर चोट आ गई और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई आसपास रहे लोगों ने सूचना पुलिस को दी पुलिस ने इलाज हेतु जिला अस्पताल मंझनपुर में भरती कर दिया अस्पताल के डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखकर उपनिरीक्षक को प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया घायल श्याम बहादुर का इलाज पार्वती अस्पताल प्रयागराज में चल रहा है जहां अभी उनकी हालत नाजुक बनी हुई है उपनिरीक्षक के बेटे ने शनिवार के दिन मंझनपुर थाने में पहुंचकर अज्ञात वाहन के विरुद्ध लिखित तहरीर दी लिखित तहरीर पाकर मंझनपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

# पति की अंतिम इच्छा के सम्मान के लिए पत्नी ने घर के आंगन में बना दी अपने पति की कब्र

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में एक महिला ने पति की मौत के बाद उसके शव को अपने घर के ही आंगन में कब्र बनाकर दफन कर दिया। महिला के पति करन ने 8 मार्च को घर के कमरे में बंद कर खुदकुशी कर ली थी। मृतक करन की विधवा के इस फैसले ने समाज में नई बहस को जन्म दे दिया है। मनोरोग चिकित्सक इसे एक बीमारी के तौर पर देख रहे है, तो धमार्चार्य वैदिक सामाजिक परंपरा का अपमान बता रहे है। हालांकि महिला पूजा का कहना है उसने पति की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए उसने घर में ही उनकी कब्र बनाई है। मंझनपुर कस्बे के गांधी नगर निवासी करन हेला (35) एक निजी अस्पताल में सफाई कर्मी थे। आठ मार्च को करन ने पत्नी पूजा व अपने दो बच्चों बेटी पीहू (3) व बेटा वंश (4) को एक कमरे में कैद कर दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगा ली थी। घटना



**मृतक करन की विधवा के फैसले ने समाज में नई बहस को दे दिया है जन्म**


देख रही पत्नी व बच्चों ने शोर मचाकर उसे जान नहीं देने के लिए गुहार लगाई लेकिन करन नहीं माना। पूजा का कहना है कि पति ने मरने से पहले कहा था कि उसकी कब्र घर में ही बनवाई जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो बहुत पछताना पड़ेगा। बेबस पूजा ने अपने पति के अंतिम इच्छा का सम्मान रखा। उसने घर की चहारदीवारी में बने मंदिर के समीप पति को कब्र बनाकर दफन कराया। इस घटना को लेकर परिवार व अन्य रिश्तेदार हतप्रभ हैं। बस्ती के लोग भी सकते में हैं। करन की शादी वर्ष 2013 में फतेहपुर जिले के धाता कोतवाली इलाके के थूला गांव की पूजा के साथ हुई थी। पूजा के ससुर सुरेंश चंद्र पैतृक गांव कोखराज कोतवाली के गरीब का पुरवा में रहते हैं। सास चंदा देवी प्रयागराज में किसी प्राइवेट संस्थान में काम करती है। पूजा का कहना है पांच मार्च को उसकी बहन रंजना की शादी थी। शादी में करन भी गए थे। वहां से वह वापस लौटे। होली वाले दिन उन्होंने जिद करके पत्नी व बच्चों को अपने पास बुला लिया और सभी के सामने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक करन की मां चंदा देवी ने बताया कि उसके दो बेटे करन व शिवचरन थे। शिवचरन दिल्ली में रहकर काम करता था। पांच साल पहले उसने भी दिल्ली में फांसी लगाकर जान दे दी थी। अब बड़े बेटे करन ने भी उसी तरह जान दे दी।पूजा ने बताया कि उसके ?पति पिछले कुछ दिनों से बीमार रहते थे। वह कहां इलाज कराते थे और बीमारी क्या थी? इस बाबत कभी उन्होंने कुछ नहीं बताया, पूछने पर सिर्फ सुगर होना बताया करते थे। पूर्व प्राचार्य व धर्मशात्री प. ज्ञानेंद्र शास्त्री ने बताया, वैदिक धर्म में किसी की मौत होने के बाद शव को घर के अंदर रखना भी गलत है। दफन करना तो दूर की बात है। शव का अंतिम संस्कार शमसान या गंगा घाट पर करना चाहिए।बहरहाल अपने पति की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए पूजा ने अपने पति को हमेशा अपने पास रखने के लिए अपने घर के आंगन में ही उनकी कब्रगाह बना दी है।

# हादसे में आधा दर्जन श्रद्धालु घायल

## माता शीतला का दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो गाड़ी ट्रक से टकराई

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में माता शीतला का दर्शन करने कड़ा धाम जा रहे श्रद्धालुओ की प्रयागराज जनपद की मजिस्ट्रेट लिखी हुई बोलेरो गाड़ी ट्रक से टकरा गई। ट्रक से टक्कर के बाद बोलेरो गाड़ी में सवार आधा दर्जन श्रद्धालू घायल हो गए। सभी घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहा घायलो का इलाज चल रहा है वही एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर गनपा चौराहे के पास की हाइवे की है,जहा प्रयागराज जनपद के बैरहना से बोलेरो गाड़ी में सवार होकर श्रद्धालु कडाधाम शीतला माता का दर्शन करने जा रहे थे। तभी सैनी कोतवाली के गुलामीपुर गनपा चौराहे के पास नेशनल हाइवे पर एक ट्रक से बोलेरो गाड़ी की टक्कर हो गई।हादसे में महिला बच्चो सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए,घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।घटना के बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।





# खेत की रखवाली कर रहे किसान को बदमाशों ने किया लहूलुहान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** कडा धाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र राम लखन सरोज अपने खेत में चना की फसल बोये हुए थे जिसकी रखवाली करने के लिए शनिवार को शाम के समय लगभग 8:00 बजे वह खेत गए थे तभी गांव का ही रहने वाला शिवचरण पुत्र धनी भुक्तभोगी के खेत में घुसकर चना उखाड़ने लगा भुक्तभोगी ने चना उखाड़ने से मना किया तो आरोपी भद्दी भद्दी गालियां देने लगा भुक्तभोगी ने गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपी ने रखवाली कर रहे किसान को लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया शोर शराबा सुनकर गांव वाले दौड़ कर



आए तो आरोपी जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गया भुक्तभोगी ने अपने परिजनों के साथ कडाधाम थाना पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध लिखित तहरीर दी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 323/ 504/ 506/ 427 धारा एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की छानबीन करने में जुट गई है।

## पिकप से बैटरी खोल ले गए चोर,बैटरी ले जाता हुआ चोर सीसीटीवी में कैद

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा में बैटरी चोर सक्रिय है रोज की तरह बीती शाम दिनेश पुत्र राकेश कुमार निवासी वार्ड नं 11 टाण्डा रोड नेतानगर अपना पिकप वाहन बालू डंप के पास खड़ा कर घर चला गया उसने सुबह कहीं जाने की तैयारी कर ली गाड़ी स्टार्ट किया तो गाड़ी स्टार्ट नही हुई दिनेश ने अपना वाहन चेक किया तो बैटरी गायब थी जिसकी तहरीर पीड़ित ने पुलिस चौकी में दी है वहीं पास लगे सीसीटीवी कैमरे में साइकिल से बैटरी चोर चोरी कर ले जाते दिखा है पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज और वीडियो सोसल मीडिया में भी वायरल किया है वहीं चौकी प्रभारी अभिषेक गुप्ता ने कहा जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कोल्ड स्टोरेज में एडवांस पैसा ना दे पाने से किसान आलू को पेड़ों के नीचे रखने को हो रहे मजबूर

**कौशाम्बी।** टॉप 7 जिलो के आलू खरीद में शामिल योगी सरकार 650 रुपये क्विंटल खरीदेगी आलू कोल्ड स्टोरेज में पर्याप्त जगह होने के बावजूद भी आलू भंडारण में कर रहे हैं आनाकानी ले रहे एडवांस पैसा जिससे खाली रह सकता है स्टोरेज किसान आलू को कर रहे डंप जिससे आलू खराब होने से घट सकता है लक्ष्य। कौशाम्बी उप्र राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हाफेड) को पहले चरण में सात जिलों में क्रय केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कोल्ड स्टोरेज संचालकों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर कहा जा रहा है कि आलू के भंडारण में कोई परेशानी न की जाए। प्रत्येक कोल्ड स्टोर पर उद्यान विभाग से कर्मचारी, अधिकारी की ड्यूटी व्यवस्था बनाने के लिए लगाई गई है। लेकिन कौशाम्बी में कोल्ड स्टोरेज में कर्मचारी नही तैनात है। जिससे किसान आलू को कोल्ड स्टोरेज न लाकर घर पर डम्प कर रहा है। आलू किसानों की दुर्दशा को देखते हुए योगी सरकार ने उन्हें बड़ी राहत दी है। सरकार अब 650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से आलू खरीदेगी। पहले चरण में कौशांबी, फरुर्खाबाद , उन्नाव, मैनपुरी, एटा, कासगंज तथा बरेली यानी सात जिलों में आलू क्रय केंद्र स्थापित कर खरीद शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। कौशाम्बी में आलू की कीमतें थोक बाजार में गिरकर 400 से 500- रुपए प्रति क्विंटल तक गिर गई है। आलू की कीमतों को गिरावट से बचाने के लिए राज्य सरकार ने किसानों को कोल्ड स्टोरेज में आलू रखने की सलाह दी है। आलू के भंडारण की दर भी सामान्य आलू के लिए कीमत 230 रुपए प्रति क्विंटल और शुगर फ्री आलू के लिए 260 रुपए



तय की गई है लेकिन कौशांबी में कोल्ड स्टोरेज संचालक अपनी मनमानी करने को उतारू हैं और यहां प्रति कुंतल 280 रुपए रेट लिया जा रहा है वही किसानों को स्टोरेज फुल होने का डर दिखाकर एडवांस पैसा 200 रुपए कुंतल लिया जा रहा है जिससे किसान पहले तो रेट से मार खा रहा है दूसरा कोल्ड स्टोरेज में रखने के लिए कर्ज ले रहा है।

**नहीं मिल रही किसानों की सही जानकारी**

उद्यान विभाग द्वारा एक एप्प लांच कर के किसानों को कोल्ड स्टोरेज में आलू बुकिंग टोकन से लेकर सही जानकारी मुहैया कराने के लिए सरकार ने निर्देश दिया था लेकिन कौशांबी में अधिकारियों की अनदेखी से अभी तक ऐप लांच नहीं की गई है जिससे जिससे किसानों को घर बैठे बुकिंग का लाभ  ना ही स्टोरेज में कितनी जगह बाकी है अपडेट नही मिल रहा है। जिससे स्टोरेज मालिक किसानों को स्टोरेज फूल होने का डर और गर्मी से आलू खराब होने का डर दिखाकर  कर पैसा ऐठने में लगे है।

# पैसा मांगने पर दबंगों ने चाट ठेले वाले की बेल्ट से की कुटाई

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अजुहा में दबंगो ने चाट ठेले वाले को पैसा मांगने पर जमकर कहर मचाया बेल्ट की मार से अधमरा कर दिया पुलिस ने मामले में समझौता करा दिया है।

जानकारी के अनुसार संगम लाल केसरवानी अझुवा कस्बे में किराये का मकान लेकर परिवार सहित रहता है।चाट का ठेला लगाकर परिवार चलाता है सगंम लाल नगर पंचायत अझुवा मंडी समिति के गेट के पास चाट का ठेला लगाकर जीविकोपार्जन करते हैं आज शनिवार शाम 7 बजे वार्ड नं 7 टाण्डा रोड के दबंग अरशद पुत्र अशफाक अपने साथियों के साथ ठेले पर चाट खाने गए जहां साथियों के साथ चाट खाया चाट खाने के बाद 15 रुपये दे रहे थे सगंम ने कहा 20 रुपए हो रहे हैं 5 रूपया और दो दबंग के लड़के ने कहा अब नहीं देगे चाट वाले ने कहा बाद में दे देना इसी बात को लेकर कुछ आपस में कहा सुनी हो गई दबंग का लड़का अरसद अपने साथियों के साथ सगंम को मारने पीटने लगे लोगों ने बीच बचाव करके हटा दिये दबंग का लड़का अपने घर टांडा रोड नेता नगर पहुंच कर अपने पिता असफाक जो लकड़ी काटने का ठेकेदार है उसको बताया दबंग असफाक दुकान पर आकर सगंम लाल को बेल्ट से पिटाई करके भाग गये सगंम लाल केसरवानी ने अझुवा पुलिस को लिखित तहरीर देकर कर न्याय की गुहार लगाई वहीं चौकी पुलिस ने अरसद को पकड़वा कर चौकी में बैठा लिया रात में पुलिस ने दोनों का आपस में समझौता कराकर छोड़ दिए।

# ना दवा है ना डॉक्टर पर्ची काउंटर में लगती मरीजों की भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** योगी आदित्यनाथ कहे या स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक कौशांबी के स्वास्थ्य अधिकारियों को मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के आदेशों का तनिक असर नहीं पड़ता है ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की तरह जिला अस्पताल पूरी तरह से चौपट हो गया है इलाज के नाम पर मरीज परेशान है जिला अस्पताल में इलाज ना मिल पाने से मरीजों को इलाज में मजबूर होकर जिला अस्पताल से बाहर निजी नर्सिंग होम में इलाज कराना पड़ता है और नर्सिंग होम में सरकारी डॉक्टर मरीजों का इलाज करते देखे जाते हैं। गजब तो तब हो गया है कि जिला अस्पताल की चौपट व्यवस्था को सुधार करने के बजाय मुख्य चिकित्सा अधिकारी इस गंभीर मामले में भी अनजान बनने की कोशिश कर रहे हैं जिससे उनकी मंशा ही नहीं समझ में आ रही है समय-समय पर जिला अस्पताल का निरीक्षण करने का निर्देश मिलता है अफसर से लेकर मंत्री तक जिला अस्पताल का निरीक्षण कर रहे हैं लेकिन निरीक्षण करने के पहले सूचना भेज दी जाती हैं जिससे निरीक्षण के समय चिकित्सक और कर्मी मौजूद हो जाते हैं और यही रिपोर्ट मुख्यमंत्री को भेजकर जिला अस्पताल की बेहतर व्यवस्था का दावा किया जा रहा है जबकि हकीकत इससे काफी दूर है बिना बताए औचक निरीक्षण मंत्री और अफसर कर सरकार को चौपट व्यवस्था की रिपोर्ट भेजकर पोल क्यों नहीं खोल रहे हैं यह भी अफसर

## जिला अस्पताल की चौपट व्यवस्था को सुधारने का नहीं हुआ भरसक प्रयास, स्वास्थ विभाग का एक अफसर पूरे दिन दारू के नशे में मदहोश होकर कर रहा डियूटी







और मंत्रियों के निरीक्षण के मामले में बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। जिला अस्पताल की स्थिति यह है कि पर्ची काउंटर पर सैकड़ों मरीजों की सुबह से भीड़ लगती है पर्ची बनाने वाले कर्मियों की संख्या कम है और कर्मियों द्वारा मौज मस्ती के साथ पर्ची बनाई जाती है जिससे सुबह 8:00 बजे से लगने वाली मरीजों की भीड़ पर्ची काउंटर में दोपहर 2:00 बजे तक खत्म नहीं हो पाती है बीमार मरीज कई-कई घंटे पर्ची काउंटर में खड़े कर दिए जाते हैं जिससे उनकी पीड़ा बढ़ जाती है उनकी पीड़ा से सीएमओ और सीएमएस को कोई लेना देना नहीं दिखाई पड़ रहा है चौपट हो चुकी स्वास्थ्य व्यवस्था को सबकुछ जिम्मेदार देख रहे हैं लेकिन फिर भी चौपट व्यवस्था को सुधारने की अभी तक पहल नहीं हो सकी है पर्ची काउंटर पर 5 मिनट के अंदर पर्ची बनाने की व्यवस्था क्यों नहीं की गई है लेकिन पर्ची काउंटर पर मरीजों का उत्पीड़न शुरू हो जाता है जब मर्जी बनवाने के बाद डॉक्टर के कक्ष में मरीज पहुंचे तो मालूम चलता है कि डॉक्टर तो आए ही नहीं है जिला अस्पताल के दो तिहाई से अधिक डॉक्टर प्रतिदिन जिला अस्पताल से गायब रहते हैं लेकिन उसके बाद भी व्यवस्था सुधारने का प्रयास नहीं हो रहा है जिस कक्ष में डॉक्टर मौजूद रहते हैं लेकिन उनके पास तमाम ऐसे मरीजों की जांच और इलाज करने की डिग्री नहीं होती है जिससे मरीजों का समुचित इलाज नहीं हो पाता मरीजों के हो हल्ला से बचने के लिए उल्टी-सीधी दवाइयां लिखकर के मरीजों का मर्ज ठीक करने के बजाय बढ़ा देते हैं जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाइयां दवा काउंटर पर मौजूद नहीं रहती है दो तिहाई से अधिक दवाइयां जिला अस्पताल से गायब है जिला अस्पताल में मौजूद आयुष विभाग के अस्पताल में भी दवाइयां मौजूद नहीं है आयुर्वेद के डॉक्टर नहीं है जिससे वहां भी दवा नहीं मिल पाती और मरीजों को वापस लौटना पड़ता है दवा उपलब्ध ना होने के बाद भी दवाओं को उपलब्ध कराने का भी भरसक प्रयास नहीं हो सका है मनीज दवा लेने के लिए जिला अस्पताल में इधर-उधर भागता रहता है लेकिन उसे दवाएं उपलब्ध नहीं हो पाती है इसका सीधा लाभ निजी नर्सिंग होम और बाहर खुले प्राइवेट मेडिकल स्टोर संचालक उठा रहे हैं। जिला अस्पताल गंदगी से जूझ रहा है जबकि साफ सफाई के नाम पर मोटा बजट खर्च किया जा रहा है लेकिन इस ओर भी अफसर मंत्री को दिखाई नहीं पड़ रहा है व्यवस्था सुधारने के नाम पर जिला अस्पताल में वाहन स्टैंड मुख्य भवन से 200 मीटर दूर बना दिया गया है जिससे मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में तमाम तरह की पीड़ा से गुजरना पड़ता है पीड़ित मरीजों को वाहन से अस्पताल के मुख्य गेट तक मरीज के परिजन नहीं पहुंचा सकते हैं उन्हें 200 मीटर दूर वाहन स्टैंड पर वाहन खड़ा करने के बाद मरीजों को पैदल ही लेकर जाना पड़ता है जबकि स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सकों के वाहन अस्पताल के मुख्य गेट तक आसानी से पहुंच रहे हैं । स्थिति इतनी खराब हो गई है कि बताया जाता है कि स्वास्थ विभाग का एक अफसर पूरे दिन दारू के नशे में मदहोश होकर ड्यूटी कर रहा है लेकिन उसके बाद भी आला अधिकारियों और मंत्रियों को नशेबाज अफसर की जानकारी नहीं मिल पाई है या फिर जानकारी मिलने के बाद भी नसेबाज अफसर को दंडित करने का मंत्री अफसर साहस नहीं कर पाते हैं यह तमाम सवाल कौशांबी की चौपट स्वास्थ्य ब्यवस्था पर खड़े हो रहे हैं आखिर मरीजों की पीड़ा को अफसर मंत्री कब समझेंगे।

### चौपट व्यवस्था सुधारने के बजाय अफसरों का जयकारा लगाते रह गए जनप्रतिनिधि

**कौशाम्बी।** जब सूबे में भाजपा की सरकार नहीं थी तो जनप्रतिनिधियों का कहना होता था कि सत्ता में उनकी सरकार आएगी तो चौपट ब्यवस्था सुधर जाएंगी अफसर कर्मी काम करेंगे डॉक्टर ड्यूटी देंगे मरीजों को इलाज मिलेगा आम जनमानस को सभी सुविधाएं सहजता से मिलेंगी लेकिन जनप्रतिनिधियों का यह बयान मात्र कोरा आश्वासन साबित हुआ है प्रदेश में भाजपा की सरकार भी है और सरकार द्वारा तमाम योजनाओं की घोषणाएं की जाती हैं लेकिन जनप्रतिनिधि केवल अफसरों के बीच में बैठकर योजनाओं का ढिंढोरा पीट रहे हैं माला पहन के गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कौशांबी की चौपट व्यवस्था को सुधार कर दोषियों को दंडित करने का प्रयास जनप्रतिनिधियों द्वारा अभी तक नहीं हो रहा है जिससे उनकी मंशा भी अब जिले की जनता जान चुकी है और आने वाले समय में उन्हें जनता करारा जवाब जरूर देगी।

## संपादकीय

# ईरान-सऊदी अरब की दोस्ती के मायने

मेरी समझ में विदेश नीति के मामले में चीन, भारत से कुछ आगे निकल रहा है, इसका ताजा उदाहरण हमारे सामने है। हम चीन को अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अपना प्रतिद्वंद्वी समझते हैं और अपनी जनता को यह समझाते रहते हैं कि देखो, हम चीन से कितने आगे हैं लेकिन शुक्रवार को ईरान और सऊदी अरब के बीच जो समझौता हुआ है, उसका सारा श्रेय चीन लूट रहा है। पिछले सात साल से ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक संबंध भंग हो चुके थे, क्योंकि सऊदी अरब में एक शिया मौलवी की हत्या कर दी गई थी। ईरान एक शिया राष्ट्र है। तेहरान स्थित सऊदी राजदूतावास पर ईरानी शियाओं ने जबरदस्त हमला बोल दिया था। सऊदी सरकार ने कूटनीतिक रिश्ता तोड़ दिया। इस बीच सऊदी अरब और ईरान पश्चिम एशियाई देशों के आंतरिक मामलों में एक-दूसरे के विरुद्ध हस्तक्षेप भी करते रहे।

यमन, सीरिया, एराक और लेबनान जैसे देशों में एक-दूसरे के समर्थकों को सैन्य सहायता भी देते रहे। सऊदी अरब ने ईरान पर ये आरोप भी लगाए कि यमन के हाउथी बागियों से उसने सऊदी अरब में सीमापार से प्रक्षेपास्त्र और ड्रोन आक्रमण भी करवाए तथा उसके तेल के कुओं को उड़ाने की भी कोशिशें कीं। दोनों इस्लामी देशों के संबंध इतने कटु हो गए थे कि सऊदी अरब के शासक मोहम्मद बिन सलमान ने यहां तक कह दिया कि आयतुल्लाह खामेनई नया हिटलर है। सऊदी अरब लंबे समय से अमेरिका के नजदीक रहा है। इजरायल के साथ उसके संबंधों को सहज बनाने में अमेरिका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। लेकिन अमेरिका-ईरान संबंधों में पिछले 40-42 साल से गहरा तनाव है। दोनों राष्ट्रों के बीच व्यापार, आवागमन, कूटनीतिक संबंध तथा अन्य क्षेत्रों में दुश्मनों के जैसा व्यवहार रहा है लेकिन इन दोनों मुस्लिम राष्ट्रों से भारत के संबंध सहज और उत्तम रहे हैं। दोनों को हमने पटा रखा है, यह हमारी कूटनीतिक चतुराई है लेकिन क्या यह काफी है? दोनों राष्ट्र हमसे अच्छे संबंध बनाए रखते हैं, क्योंकि दोनों के मतलब सिद्ध हो रहे हैं। चीन के प्रसिद्ध राजनयिक वांग ई ने दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों में समझौता करवा दिया है। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे की संप्रभुता के सम्मान की घोषणा भी की है।

# कृषि सुधार और अंतहीन बहस

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**स्वतंत्र** भारत में लघु और सीमांत किसानों की माली हालत किसी से छुपी नहीं है। मोदी सरकार किसानों की आय दोगुना करने का प्रयास कर रही है। इससे कुछ बदलाव भी दिख रहा है। बावजूद इसके देश का पेट भरने वाला अधिसंख्य किसान खुद भूखा, नंगा और फटेहाल है। भारत में कृषि सुधार एक अंतहीन बहस का मुद्दा रहा है। इस पर कब पूर्णविराम लगेगा, यह अबूझ पहेली है। आजादी के बाद श्वेत और हरित क्रांति के नारे बुलंद किए गए,लेकिन जमीनी स्तर पर उसका लाभ किसानों को नहीं मिला। तत्कालीन सरकारों की नीतियों की वजह से किसान आत्महत्या करने को मजबूर हुआ। बैंकों के कर्ज तले उसकी पीढ़ियां दबती चली गईं। किसानों की समस्याओं को लेकर एक स्वतंत्र आयोग का गठन नहीं किया जा सका जो किसानों की समस्याओं की निगरानी रखता। आधुनिक विकास में लघु और सीमांत किसानों के लिए कृषि लाभकारी साबित नहीं हो पाई। अगर ऐसा होता तो किसान आत्महत्या सरीखा कदम कभी नहीं उठता। देश की जीडीपी में कृषि कि हिस्सेदारी तकरीबन 20 फीसदी है। बावजूद किसान की हालत किसी से छुपी नहीं है। महाराष्ट्र में 512 क्विंटल प्याज बेचने के बाद किसान को सिर्फ दो रुपये का मुनाफा मिलता है। यह खेती और किसान साथ भद्दा मजाक नहीं तो और क्या है। सरकारों ने किसानों को सिर्फ लालीपॉप दिया उनकी माली हालत सुधारने का प्रयास नहीं किया। केंद्र की मोदी सरकार ने सूरत बदलने की कोशिश की। कृषि कानून लाया गया पर आंदोलन की वजह से कुछ नहीं हो पाया। किसानों की उपज और मंडी के बीच आर्थिक संतुलन बढ़ाने और लागत घाटा कम करने की ठोस नीति की जरूरत इस समय महसूस की जा रही है। भारत का किसान दुनिया का पेट भर सकता है, लेकिन हमारी सरकारों के पास ऐसी नीति नहीं है जिससे उसकी माली हालत में सुधार हो। किसनों की उपज और उससे जुड़े रासायनिक उर्वरक कृषि संयंत्र बेंच कर लोग मालामाल हो गए। लेकिन किसान जहां का तहां रह गया। किसान अपना धान और गेहूं 2200 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर बेचता है। किसान उसी फसल का बीज महंगा लेता है। देश के लघु, सीमांत और मध्यम किसानों के लिए कृषि में बेहतर सुधार की आवश्यकता है। किसानों की फसलों का उचित समर्थन मूल्य मिलना चाहिए। फसलों के तैयार होने के बाद तत्काल उन्हें बाजार उपलब्ध कराना होगा। सस्ते दर पर कृषि संयंत्र की उपलब्धता होनी चाहिए। सिंचाई के लिए बिजली, नहर, ट्यूबेल, तालाब और बावड़ी की जरूरत है। सूखा प्रभावित राज्यों में इसके लिए विशेष वित्त की जरूरत है। इसके साथ रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक, खाद-बीज पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। किसानों को गन्ना, कपास, ज्वार, बाजरा, तिलहन, दलहन,मोटे अनाजों के लिए उचित बाजार नहीं मिल पाता है। जिन राज्यों में सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हैं वहां सरकारी खरीद की नीतियां और अफसरशाही के बर्ताव बिचौलिये चांदी काटते हैं।

# बढ़ रही हीट इंडेक्स, कैसे मिलेगी सक्सेस?

**सुनील कुमार महला**

**ग्लोबल** वार्मिंग आज संपूर्ण धरती के लिए एक बड़ा खतरा है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दशक 2010-2019 के बीच मानव इतिहास में सबसे ज्यादा ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) का उत्सर्जन देखा गया। यह अत्यंत गंभीर व संवेदनशील है कि वर्ष 2010-2019 तक के दशक में सभी तरह की ग्रीन हाउस गैस के लिए सबसे ज्यादा औसत वार्षिक उत्सर्जन दर्ज किया गया। वर्ष 1990 के स्तर के मुकाबले 2019 में जीवाश्म ईंधन और उद्योगों से उड2 उत्सर्जन में असाधारण बढ़ोतरी देखी गई। इसमें 15 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड और प्रतिशत के मामले में 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जो कि सभी तरह की ग्रीन हाउस गैस में सबसे ज्यादा और प्रतिशत के मामले में दूसरा सबसे ज्यादा है। वास्तव में, ग्रीनहाउस प्रभाव या हरितगृह प्रभाव एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा किसी ग्रह या उपग्रह के वातावरण में मौजूद कुछ गैसें वातावरण के तापमान को अपेक्षाकृत अधिक गर्म बनाने मदद करतीं हैं। इन ग्रीनहाउस गैसों में कार्बन डाई आक्साइड, जल-वाष्प, मिथेन आदि शामिल हैं। बढ़ते औधोगीकरण, शहरीकरण, वृक्षों की अंधाधुंध कटाई, धरती के सीमित संसाधनों का असीमित तरीकों से दोहन,खनन, पर्यावरण संरक्षण के प्रति कम ध्यान, विकास और तकनीक को बढ़ावा कहीं न कहीं धरती की जलवायु व तापमान को निरंतर प्रभावित कर रहे हैं। हाल ही में एक्सडीआई यानी कि 'क्रॉस डिपेंडेंसी इनीशिएटिव' ने जलवायु परिवर्तन को लेकर एक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें जलवायु परिवर्तन के 'हैजार्डस' यानी कि खतरों से अवगत कराया गया था। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के 9 राज्यों समेत दुनियाभर के 2,600 राज्यों व प्रांतों पर जलवायु परिवर्तन का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। रिपोर्ट के आंकड़ें निश्चित तौर पर मानवजाति को चिंता में डालते हैं। यह अत्यंत ही गंभीर व संवेदनशील है कि भारत के 9 राज्यों पर बाढ़, जंगलों की आग, हीटवेव, समुद्र सतह के बढ़ने और लू जैसे गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं। बताया गया है कि शीर्ष पचास में भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश, असम,राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और केरल जैसे राज्य शामिल हैं। वर्ष 2050 तक विश्व के पचास राज्यों में भारत के नौ राज्यों को जलवायु परिवर्तन के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील बताया गया है। वास्तव में हीट इंडेक्स मानवजाति का ध्यान आज आकर्षित कर रहा है और करना भी चाहिए



क्योंकि आज भारत के दक्षिणी भाग में स्थित राज्य केरल में भीषण गर्मी पड़ रही है, जबकि अभी मार्च का महीना ही चल रहा है। बताया जा रहा है कि केरल इन दिनों 54 डिग्री(हीट इंडेक्स) जैसी भीषण गर्मी का सामना कर रहा है। हालांकि केरल का तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच बताया जा रहा है। केरल में हवाओं में इन दिनों बहुत अधिक नमी हो गई है,जिसके कारण इंसान को हीट इंडेक्स महसूस होने लगा है।मौसम विभाग द्वारा मार्च के महीने में ही लू चलने की चेतावनियां दी जाने लगीं हैं, उत्तर भारत के पंजाब राज्य में भी पारा 30 डिग्री तक पहुंच गया है। ऐसे में जून जुलाई के महीनों में क्या होगा,यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। सबसे संवेदनशील व गंभीर बात तो यह है कि गोवा जैसे तटीय राज्य में भी लू चलने लगीं हैं और वहां स्कूलों में दोपहर की कक्षाएं बंद कर दी गई हैं। देश के कर्नाटक,कोंकण, सौराष्ट्र व कच्छ में भी लू का अलर्ट बताया गया है। वहीं तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश,तेलंगाना, ओडिशा के तापमान में भी मौसम के शुष्क रहने की आशंका व्यक्त की गई है। वास्तव में,

वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की उच्च सांद्रता पृथ्वी पर अधिक गर्मी बढ़ाने के लिए जिम्मेवार है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया ने राज्यों को एक एडवायजरी जारी की है जिसमें छत पर पक्षियों और घर के बाहर पशुओं के लिए पानी रखने को कहा गया है। यहाँ तक कि पोस्टर लगाकर लोगों को जागरूक करने, पशु-पक्षियों का ख्याल रखने की बात कही गई है। तापमान बढ़ने से ध्रुवों की बरफ लगातार पिघल रही है और वैज्ञानिक इस बात की आशंका जता रहे हैं कि इससे आने वाले समय में धरती के लिए खतरा बढ़ जाएगा और एक दिन ऐसा आएगा कि धरती जलमग्न होने का खतरा है। धरती का तापमान बढ़ने से अनेक वायरस सक्रिय हो सकते हैं। हाल ही में वैज्ञानिकों ने बताया है कि आर्कटिक क्षेत्र में तापमान बढ़ने से वहां की बरफ पिघलने से वहां 48000 साल पुराना 'जोम्बी' वायरस फिर से जिंदा हो गया। सच तो यह है कि तापमान बढ़ने से धरती पर गंभीर बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ेगा। इन दिनों जिस तरह पर्यावरणीय विसंगतियां(जलवायु परिवर्तन) पैदा हो रही हैं और जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम का मिजाज बदल रहा है, उससे धरती पर नई-नई बीमारियां पैदा करने वाले विषाणुओं के उत्पन्न होने की आशंका लगातार बनी रहती है। हो सकता है कि आज मानवजाति के समक्ष जो कोरोना, इंफ्लूएंजा व अन्य वायरसों का जो खतरा है, वह जलवायु परिवर्तन(बढ़ते तापमान) का ही कहीं परिणाम न हो। हमें चाहिए कि जलवायु परिवर्तन के बीच हम इन विषाणुओं को गंभीरता से लें। हमें यह चाहिए कि हम हमारी धरती के पारिस्थितिकीय तंत्र,जलवायु परिवर्तन व प्रकृति के अर्थशास्त्र के बीच हमारी जिम्मेदारियों व कर्तव्यों को बखूबी समझें।

> अत: धरती के बढ़ते तापमान, जलवायु परिवर्तन को लेकर हम सभी को समय रहते सचेत होने की आवश्यकता है,इसमें कोई दो राय नहीं कि जलवायु परिवर्तन की समस्या ने आज के दौर में बहुत ही भयावह व खतरनाक रूप अख्तियार कर लिया है और आज इस समस्या से मुकाबला करना आसान नहीं है

आज संपूर्ण विश्व में गर्मी में गर्मी अधिक पड़ती है और सर्दी में सर्दी अधिक पड़ने लगी है। प्रकृति आज लगातार असंतुलित होती जा रही है और इस प्राकृतिक असंतुलन का कारण प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से कहीं न कहीं हम मनुष्य ही हैं, जिन्होंने मात्र अपने स्वार्थों, लालच को पूर्ण करने के लिए अपनी सीमाओं को लांघ दिया है। हम प्रकृति के साथ हर तरह से आज हस्तक्षेप कर रहे हैं। आज जगह जगह उधोग लगा दिए गए हैं, वायु, ध्वनि, मिट्टी, मृदा प्रदूषण हो रहा है। बढ़ती आबादी के कारण धरती पर हर कहीं आज कंक्रीट की विशालकाय दीवारें ही दीवारें खड़ी हो गई है। जीवों के प्राकृतिक अधिवासों, चरागाहों ,वनों में लगातार कमी आ रही है। जल का असीमित दोहन किया जा रहा है। जल को व्यर्थ बहाया जा रहा है। जल की बूंद बूंद की कीमत को हम नहीं समझ पा रहे हैं क्योंकि जल के बारे में एक आम सोच यह है कि जल धरती पर से कभी भी न खत्म होने वाला असीमित संसाधन है। हमारी यह सोच बहुत ही गलत है। बहरहाल, धरती का बढ़ता तापमान धरती के जीवों के लिए ठीक नहीं कहा जा सकता है, क्यों कि वैश्विक तापमान में वृद्धि से तूफान, बाढ़, जंगल की आग, सूखा और लू के खतरे की आशंका बढ़ जाती है। एक गर्म जलवायु में, वायुमंडल अधिक पानी एकत्र कर सकता है और बारिश कर सकता है, जिससे वर्षा के पैटर्न में बदलाव हो सकता है।मानव गतिविधियों, विशेष रूप से बिजली के वाहनों, कारखानों, उधोग धंधों और घरों में जीवाश्म ईंधन (यानी, कोयला, प्राकृतिक गैस, और तेल आदि) के जलने से कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को वायुमंडल में छोड़ा जाता है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ते शहरीकरण सहित अन्य गतिविधियां भी कहीं न कहीं बहुत सी ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करती हैं।बहरहाल, मौजूदा हालात समस्या की भयावहता की ओर लगातार इशारा कर रहे हैं, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने की लाख कोशिशों के बावजूद धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन से कृषि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यदि हम यहाँ आंकडों की बात करें तो अमेरिका के ह्यहार्वर्ड टी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हैल्थह्व के अध्ययन के अनुसार वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड के लगातार बढ़ते स्तर के कारण दुनिया में 15 करोड़ अतिरिक्त लोगों में प्रोटीन की कमी के खतरे की आशंका को नकारा नहीं जा सकता।

अतः धरती के बढ़ते तापमान, जलवायु परिवर्तन को लेकर हम सभी को समय रहते सचेत होने की आवश्यकता है,इसमें कोई दो राय नहीं कि जलवायु परिवर्तन की समस्या ने आज के दौर में बहुत ही भयावह व खतरनाक रूप अख्तियार कर लिया है और आज इस समस्या से मुकाबला करना आसान नहीं है। इसके लिये हम सभी को मिलजुलकर कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए अपने यथेष्ठ व नायाब प्रयास करने होंगे। अकेले सरकार इस मामले में कुछ नहीं कर सकती है, क्यों कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन अकेले सरकार की ही विषय-वस्तु नहीं है, अपितु हम सभी की विषयवस्तु है।

# आध्यात्मिकता आस्था देवी-देवताओं की प्राचीन प्रमुख भूमि रही

**वैश्विक** स्तरपर भारत आदि अनादि काल से आध्यात्मिकता आस्था देवी-देवताओं की प्राचीन प्रमुख भूमि रही है, जिसे हमेशा से ही आस्था का प्रतीक कहा जाता है। हजारों वर्ष पूर्व एक समय था जब परम पिता परमेश्वर हमारे परम पूज्य सतगुरु थे। समय का पहिया घूमता रहा और भगवान के अवतार अलग-अलग रूपों में अवतरित होते रहे। जनसंख्या का विस्तार होता रहा तो आध्यात्मिकता और उसके रूपों में भी वृद्धि होती चली गई जो हम आज देख रहे हैं कि,करीब-करीब हर समाज के अपने अपने इष्ट देवता हैं जिनपर उस समाज को हृदय से विश्वास भी है और हमारे बड़े बुजुर्गों का पीढ़ियों से कहना भी हैं कि रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, परंतु सबकी मंजिल एक है। परमार्थ, जो मेरा मानना है सटीक बैठती है। चूंकि हरे माधव दयाल की दया प्रभु सदा मेहरबाना हरे माधव सत्संगोत्सव का आयोजन18-19 मार्च 2023 को गोंदिया में आयोजित है इसलिए आज हम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे हरे माधव दयाल की दया प्रभु सदा मेहरबाना। साथियों बात अगर हम हरे माधव दयाल की दया प्रभु सदा मेहरबाना हरे माधव सत्संग 18-19 मार्च 2023 की करें तो हरे माधव सतगुरु साईं ईश्वरशाह जी की पावन हुजूरी में आदर्श प्लेग्राउंड सिंधी स्कूल के सामने गोंदिया में शनिवार व रविवार को शाम 6 से आयोजित होगा,जिसकी भव्यता से रूपरेखा बनाई गई है जिसमें बाबा जी का आगमन दिनांक 16 मार्च 2023 गुरुवार को होगा और सतगुरु मीठड़ी मेहर कृपा शोभायात्रा रात 8 बजे से शुरू होगी जोनगर्र भ्रमण करते हुए सतगुरु निवास स्थान पर पहुंचेगी शुक्रवार दिनांक 17 मार्च 2023 को सुबह 6 बजे प्रभातफेरी का आयोजन होगा जो हरे माधव सत्संग घर से निकलकर शहर भ्रमण कर वहीं समाप्त होगा तथा उसी दिन शाम 6 बजे से हरे माधव भजन संध्या का आयोजन होगा जो बाबा जी के निवास स्थान हरे माधव निवास शंकर चौक पर होगा। सत्संग उत्सव में देश विदेश विदेश से हजारों की संख्या में साधक शिष्यों प्रेमियों के पहुंचने की संभावना है इनके ठहरने विश्राम करने व भोजन की व्यवस्था मनारी पंचायत भवन गोंदिया में की गई है, जिसमें सभी बाहर से पधारे मेहमानों को आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र लाने का निवेदन किया गया है तथाकोविड-19 एच3 एन2 मौसमी इनफ्लुएंजा वायरस की सावधानी के चलते कोविड उचित व्यवहार के पालन का निवेदन भी किया गया है जो विशेष उल्लेखनीय। साथियों बात अगर हम सत्संगोत्सव को सफल बनाने सभी पंचायतों संगठनों संस्थाओं के सहयोग की करें तो 10 मार्च 2023 को हुई सभा में मनिहारी पंचायत, झूलेलाल पंचायत श्रीनगर पंचायत, रामनगर पंचायत, सिंधी नवयुवक सेवा मंडल, पीर शिवनाथ सेवक मंडल, बाबा गुर्मुखदास सेवा समिति, स्वामी टेऊराम अश्रमत सेवा समिति, बढ़ते कदम निरंकारी मंडल, रामनगर पंचायत, कंवरराम सेवा समिति फ्रेंड्स ग्रुप सहित अनेकों संस्थाओं के अनेक प्रतिनिधि शामिल हुए जिन्हें सेवाओं की जवाबदारी सौंपी गई और सफल प्रबंधन की उपेक्षा का आश्वासन मिला। साथियों बात अगर हम हरे माधव दरबार मुख्यालय कटनी की करें तो, आस्था का केन्द्र है हरे माधव दरबार।शहर के माधवनगर में सतगुरू बाबा माधवशाह-बाबा नारायणशाह का गुरूद्वारा हरे माधव दरबार स्थापित है। गुरूद्वारे को लेकर देशभर में बसे समाज के लोगों की आस्था है। एक समाज ही नहीं बल्कि हर समुदाय के लोगों की इस गुरूद्वारे से आस्था जुड़ी हुई है। लगभग 75 वर्ष पुराने गुरूद्वारे में सबसे पहले बाबा माधवशाह, उनके बाद बाबा नारायण शाह, बाबा गोविंद शाह व बाबा मनोहर शाह गद्दीनशी थे। वर्तमान में बाबा ईश्वरशाह गद्दीनशी हैं। पूरे देशभर से श्रद्धालु गुरूद्वारे में सालभर पहुंचते हैं। इसके अलावा हर साल आयोजित होने वाले वर्सी महोत्सव में देश विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं। सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब जी कुलकायनात सारी सृष्टि के रचैता स्वयंपरमात्मा स्वरूप है पूरण सतगुरु अपनी अंशी रूहो को परमात्मा से मिलाने के लिए इस धारा पर मनुष्य रूप धारण कर अवतार हुए हैं।सृष्टि के हर जीव प्राण कान में जो सूक्ष्म रूप में परमात्मा है वही हमारे प्यारे सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब जी है। सतगुरु जी हम को भगवान से अवश्य मिलाते हैं।लेकिन सच्चा सतगुरु हो, क्योंकि इतिहास भी गवाह है कि, जिसका भी मोक्ष हुआ है यानि जिसने भी भगवान को पाया है वह गुरु दीक्षा प्राप्त करके ही भगवान की प्राप्ति की है।जैसे :- ध्रुव, प्रहलाद, मीराबाई, नामदेव जी, धन्ना भगत जी आदि-आदि। सच्चा सतगुरू वही होता है जो शास्त्रों के अनुसार भक्ति कर्म करवाता है। और सच्चे सतगुरु की पहचान हमारे पवित्र सद ग्रंथ भी देते हैं।जैसे, श्रीमद भगवद गीता अध्याय 15 के श्लोक 1 से 4 में पूर्ण संत की पहचान बताई है।

साथियों बात अगर हम सतगुरुओं के प्रति आस्था की करें तो मीडिया के क्यूरो में एक सज्जन के विचार हैं कि, सच्चे और पूर्ण गुरू को ईश्वर से भी ऊँचा दर्जा क्यों दिया जाता है? संत कबीर कहते हैं:गुरु गोबिंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय।बलिहारी गुरु आपने, गोबिंद दियो मिलाय।।

निश्चित सी बात है कि जब हम अपने आप को संसारी, देह, तन, मन मानते हैं तो यह मिलाने वाला भी कोई ऐसा होना चाहिए जो संसार का ही हो, और मिलाने वाला मिला सके इसके लिए यह भी अनिवार्यता है कि वो उसको भी जानता हो जिस से मिलाने ले जा रहा है। वास्तविक गुरु की पहचान यही है कि वो एक छोर पर तो बिलकुल हमारे जैसा है, इसी संसार का है, हमारे जैसा दिखता है, शरीर है, पदार्थ है, चलता है, फिरता है, कहता है, सोचता है; हम उससे पहचान बना सकते हो, गले मिल सकते हो, दोस्ती कर सकते हो, वो हमारी भाषा समझता है, बात करो, संवाद करो और दूसरे छोर पर वो कहीं ऐसी जगह है जो अभी हमारे लिए अनजानी है, दूसरे छोर पर वो कभी किसी ऐसे देश का निवासी है जहाँ हम कभी गए नहीं। वो हमारे निकट भी है और हमसे बहुत दूर भी। निकट न हो तो मन को भरोसा न आएगा। मन है ही ऐसा, वो कैसे ऐसे का भरोसा करे जो उसके जैसा नहीं। तो गुरु का हमारे जैसा होना बहुत जरूरी है, वरना मन भरोसा नहीं करेगा। भरोसा छोड़िए, मन हो सकता है उसके अस्तित्व से ही इनकार कर दे।सर्वश्रेष्ठ और प्रथम गुरु आत्मा है, पर मन कहाँ उसे गुरु मानता है?मन उसके होने से ही इनकार कर देगा, मन कहेगा वो है ही नहीं। हम याद रखें, गुरु के दो सिरे, हमसे दो सिरों के समकक्ष हैं, समानांतर हैं। जैसे हम दो हो, आत्म और अहंकार, वैसे ही गुरु को दो होना पड़ता है, अंतर बस इतना है कि हम जो अपने आपको दो माने बैठे हो उसमें एक से तो पूरी तरह अनभिज्ञ हो, और गुरु दोनों के प्रति जगा हुआ है। द्वैत में हम भी हो, द्वैत में गुरु भी है पर गुरु द्वैत के अलावा किसी और बिंदु को भी जानता है और हमारे बुराइयों को काटकर हमारे राहों को आसान कर जीवन को सफल बनाने का काम करते हैं।

# पड़ोसी की शांति में ही निहित है अपनी भी शांति

**तनवीर जाफरी**

**जिन ब्रिटिश** शासकों से के विरुद्ध संयुक्त भारत के सभी लोगों ने मिलकर पराधीन भारत को स्वाधीनता दिलाई थी,1947 में हुये दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के बाद उसी भारत से पाकिस्तान नामक एक नये राष्ट्र का उदय हुआ। इस्लामी राष्ट्र बनाने से लेकर विश्व इस्लामी जगत में अपना प्रभुत्व स्थापित करने जैसे 'हवा-हवाई इरादों ' के परिणामस्वरूप पाकिस्तान का गठन हो गया। और अंग्रेजों ने भारत छोड़ते छोड़ते भारत को विभाजित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये हमारी शक्ति को कम किया। दरअसल वैश्विक राजनीति में किसी राष्ट्र को कमजोर करना,उसकी आंतरिक फूट का लाभ उठाना,उसे कर्ज व आर्थिक सहायता जैसे 'उपकारों ' से दबाकर रखना,उसे उसी के पड़ोसी के साथ उलझाने यहाँ तक कि संभव हो तो लड़ाने की साजिश करना आदि राजनायिक भाषा में एक 'सफल कूटनीति' समझी जाती है। उसी का अनुसरण करते हुये अंग्रेजों ने हिन्दू-मुस्लिम राजनैतिक विवाद को हवा देते हुये भारत विभाजन के लिये खेला। कमोबेश वैसी ही राजनीति 1971 में 'बंगाली मुसलमानों के हक की आवाज' उठाने के नाम पर भारत द्वारा की गयी। पाकिस्तान के विभाजन के लिये भारत ने पूर्वी पाकिस्तान का तब तक साथ दिया जब तक नव राष्ट्र के रूप में बांग्लादेश अस्तित्व में नहीं आ गया। इसी दौर में बंग्लादेश से असीमित संख्या में बंग्लादेशियों ने भारत की ओर शरणार्थी के रूप में कूच किया। भारत पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा। और आजतक वही शरणार्थी 'बांग्लादेशी मुसलमान' के नाम से विशेष राजनैतिक विचारधारा के लोगों के लिये 'राजनीति' करने का कारक बने हुये हैं। बांग्लादेश के गठन के बाद खासकर भारत-पाक-मुक्ति मोर्चा संघर्ष के दौरान हुये विश्व के सबसे बड़े आत्म समर्पण के बाद वही पाकिस्तान और विशेषकर वहां के शासक व सेना भारत को अपने सबसे बड़े दुश्मन की नजर से जरूर देखने लगे। नतीजा सामने है,कश्मीर को विवादित करने के अंतराष्ट्रीय प्रयासों से लेकर भारत में आतंक फैलाने तक, ड्रग्स व हथियारों से लेकर नकली करेंसी भारत भेजने तक और हनी ट्रैप में लोगों को फंसाने जैसे हथकंडे तक पाकिस्तान भारत के विरुद्ध आजमाता रहता है। और अब विगत तीन दशकों से उसी पाकिस्तान की व्यवसायिक प्रगाढ़ता चीन से बढ़ती जा रही है। यहां तक कि भारत विरोध की आग में तपता पाकिस्तान,चीन के शिकंजे में बुरी तरह उलझता जा रहा है। उधर भारत का दूसरा घनिष्ठ पड़ोसी देश नेपाल है। राजशाही समाप्त होने के बाद यहाँ की लोकतांत्रिक राजनीति में भी उथल पुथल मची रहती है। जिस नेपाल के करोड़ों लोग भारत में रोजगार पाते हैं,जहाँ के लोग भारतीय सेना सहित भारत की ही अनेक सरकारी व गैर सरकारी नौकरियों में भी सेवा करने का अवसर पाते हों वही नेपाल कभी कभी भारत को भी आँखें दिखाने लगता है। करीबी पड़ोसियों के रूप में भारत और नेपाल के अद्वितीय सम्बन्ध हैं, जिसमें व्यवसाय,खुली सीमायें, जनता के बीच रिश्ते नाते,व साहित्य व संस्कृति के गहरे सम्बन्ध भी हैं । परन्तु यहां यह जानना भी जरूरी है कि इन संबंधों के बावजूद भी नेपाल की पीठ पर भी चीन का हाथ है जो अपने भारत विरोधी दूरगामी राजनैतिक मकसद के तहत पकिस्तान की ही तरह नेपाल को भी अपने चंगुल में फंसाना चाहता है। गत वर्ष नवंबर में नेपाल हुये संसदीय चुनाव के समय यह आशंका भी जताई गयी थी कि चीन,नेपाल में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के साथ मिलकर भारत विरोधी साजिशें रच सकता है। खबरों के मुताबिक इसके लिए चीनी सुरक्षा एजेंसी मिनिस्ट्री आफ स्टेट सिक्योरिटी ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के साथ काम भी शुरू कर दिया था। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की इस रिपोर्ट पर 18 अगस्त 22 को दिल्ली में हुए राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन 2022 में चर्चा भी हुई थी। इसे लेकर गृह मंत्रालय ने नेपाल से सटे उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल व सिक्किम को भी सचेत किया था। उसी दौरान चीन के तीसरे सबसे बड़े नेता ली झांशु ने काठमांडू का दौरा किया था।

## किसी-किसी के किस्से

**डॉ. सुरेश कुमार**

**यह** किसी-किसी कहलाने वाले लोग बड़े खतरनाक होते हैं। ऐसे लोगों के गले में एक तख्ती लटका देनी चाहिए जिसमें लिखा होना चाहिए कि मुझसे कोई नहीं बच सकता। इनके गुण ही बड़े विलक्षण होते हैं। किसी-किसी को दिखता है। किसी-किसी को नहीं दिखता है। किसी-किसी को दिखकर भी नहीं दिखता है तो किसी-किसी को नहीं दिखकर भी दिखता है। यह किसी-किसी कहलाने वाले लोग गुफाओं या आदिम युग में नहीं रहते। हमीं में से कोई किसी-किसी का पात्र निभाता रहता है। आश्चर्य की बात यह है कि एक किसी दूसरे किसी को किसी-किसी का किस्सा बताकर अपनी किसियाने की खुसखुसी करता रहता है। कोई किसी के दुख में किसी सुख को तलाशने की कोशिश करता है। कोई किसी की आग में किसी की रोटी सेंकने का काम करता है। । कोई किसी के गिरने में किसी के उठने की राह जोहता है। यह किसकिसाने का फसाना बहुत पुराना है। हमसे-तुमसे-सबसे पुराना है। किसी की बात में किसी की चुप्पी, किसी के लिखे में किसी के मिटने और किसी की ताजगी में किसी के बासीपन की याद हो आना किस्साहट नहीं तो और क्या है! यह किसी-किसी कहलाने वाले प्राणी बड़े विचित्र होते हैं। एक किसी दूसरे किसी के शव को छूना नहीं चाहता है। यह किसी कभी किसी का बेटा बनकर किसी पिता को अंतिम दर्शन करने के सौभाग्य से वंचित कर देता है। किसी का पति बनकर किसी पत्नी का सुहाग उजाड़ देता है। किसी का भैया बनकर किसी भाई का सहारा छीन लेता है। ऐसा किसी किसी-किसी का नहीं होता। किसी ने खूब कमाया, कोठियाँ खड़ी कीं, घोड़ा-गाड़ी का ऐशो आराम देखा। किंतु यह केवल किसी-किसी तक सीमित रहा।

## फटाफट खबरें

### बेलगाम बीडीओ बिना काम के कर रहा भुगतान

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक में सामग्री आपूर्ति करने वालों के साथ बीडीओ ने दरियादिली दिखाते हुए लाखों का भुगतान कर दिया है। तमाम गांव ऐसे हैं, जहां विकास कार्य अधूरे पडे हैं। ऐसे में बीडीओ के भुगतान से तमाम सवाल खडे हो गये हैं।

रामनगर ब्लाक में तमाम गांवों के मनरेगा से हुए विकास कार्यों के भुगतान में जमकर धांधली बरती गई है। इससे खफा प्रधानों ने सीडीओ से भेंट करने का निर्णय लिया था। बीडीओ ने ब्लाक के प्रधान संघ के अध्यक्ष के पति की अगुवाई में बैठक बुलाकर प्रधानों के विरोध को शान्त कर दिया। सीडीओ कार्यालय से 28 फरवरी को भेजे पत्र में साफ निर्देश दिये गये थे कि श्रम और सामग्री के अनुपात में 60-40 के बिल बाउचर की फीडिंग कराई जाये। शासनादेश के विरुद्ध फीडिंग पर कार्यवाही की जायेगी। बीडीओ ने इसके बाद भी सुहेल गांव के 80 लाख रुपये, रेरुआ के 17 लाख, पिपरौंध के 44 लाख, लौरी के 34 लाख, ढंढवार के 57 लाख, अतरसुई के 20 लाख, उफरौली के छह लाख के कार्यों का भुगतान कर दिया है, जबकि इन गांवों में पिछले वित्तीय वर्ष ज्यादा काम हुए हैं। इस वित्तीय वर्ष में नये कार्यों का भुगतान शासनादेश के अनुसार होना चाहिए।

बीडीओ ने ऐसा न कर ढंढवार में 28 लाख, सुहेल में 12 लाख, भखरवार में आठ लाख, पियरियामाफी में 18 लाख व उफरौली में 21 लाख रुपये का भुगतान किया है। इन गांवों में तमाम अधूरे कार्य पडे हैं। बीडीओ की मनमानी से लोग खासे परेशान हैं।

### साढे 18 किलो गांजा समेत तश्कर दबोचा, जीआरपी को मिली सफलता

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर जीआरपी पुलिस ने टेज्न के माध्यम से गांजा तस्करी करने वाले युवक को 18 किलो 450 ग्राम सूखे गांजे के साथ रेलवे स्टेशन परिसर से दबोचा है।

रविवार को तडके चार बजे जीआरपी प्रभारी निरीक्षक दिलीप मिश्रा की अगुवाई में प्लेटफार्म में गश्त कर रही पुलिस टीम के एसआई प्रेमप्रकाश, दीवान इकरार अहमद, सिपाही प्रभात कुमार को रेलवे प्लेटफार्म नम्बर चार सतना आउटर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया। पुलिस को देखकर ट्राली बैग लेकर भागने लगा। पुलिस ने संदिग्ध को पकडकर जामा तलाशी ली तो उसके बैग से 18 किलो 450 ग्राम सूखा गांजा मिला। जीआरपी पुलिस ने आरोपी सत्यम सिंह पुत्र गयाशंकर गौतम निवासी सुकुलपुर थाना मेजा जिला प्रयागराज को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा है।

इस मामले में जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा ने बताया कि प्लेटफार्म परिसर से लेकर आउटर तक चेकिंग अभियान दौरान सूखा गांजा लिए व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

### एसएसपी ने थाना जहांगीराबाद का किया वार्षिक निरीक्षण

**बुलंदशहर। शनिवार** को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा थाना जहांगीराबाद का वार्षिक निरीक्षण/भ्रमण के दौरान थाना जहांगीराबाद पहुंचकर गार्द की सलामी ली गयी। इसके उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जहांगीराबाद थाना कार्यालय के महिला हेल्प डेस्क, बन्दीगृह, अभिलेख, बीट बुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, साफ-सफाई, मालखाना, मैस, आवासीय थाना परिसर, थाने में खडे वाहनों, आदि को चेक किया गया।

महिला हैल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रार्थना पत्रों के निराकरण, जांच का परिणाम इत्यादि को क्रमबद्ध तरीके से कम्प्यूटर में व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया तथा थाने पर नियुक्त कर्मचारियों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी जहांगीराबाद को अभिलेख पूर्ण करने, अभिलेखों का रखरखाव रखने, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने व थाना परिसर को स्वच्छ रखने एवं प्रतिदिन थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम आदि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बजरंग बली चौरसिया उपस्थित रहे।

### आम के बाग में पेड़ से लटककर की युवक ने की आत्महत्या, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**बुलंदशहर। शनिवार** को अहमदगढ़ कस्बा के एक बाग में 22 वर्षीय युवक ने आम के पेड़ से लटककर की आत्महत्या प्राप्त जानकारी के अनुसार रिंकू पुत्र मदनलाल सिंह जाटव निवासी गांव अकरवास कनैनी अपने घर से अयोध्या जाने के लिए निकला था जोकि अयोध्या में किसी भट्टे पर घोड़ा बुग्गी से ईंट ढोने का कार्य करता है लेकिन कुछ घंटे बाद ही युवक का शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिला घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर अहमदगढ़ थाना प्रभारी अतुल चौहान मय पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचे उसके कुछ देर बाद फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची जहां पर घटनास्थल से फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए तथा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया अचानक हुई इस दुःखद घटना से परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है थाना प्रभारी का कहना है कि रिंकू का शव अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के एक बाग में रस्सी से लटका हुआ मिला है जिसकी पहचान रिंकू पुत्र मदनलाल के रूप में हुई है प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है फिलहाल शव का पंचनामा कराया जा रहा है।

### अवैध चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार

**स्याना। नरसेना**थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी संजेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम रिपोर्टिंग चौकी ऊंचागांव क्षेत्र में मामूर थे। पुलिस टीम गश्त करते हुए महुआखेड़ा गांव पहुंचे तो प्राथमिक विद्यालय के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा था। पुलिस टीम ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। तलाशी पर उसके पास एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम अजीत कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी गांव महुआ खेड़ा बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### जलेसर पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**एटा/जलेसर। जनपद** में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जलेसर श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर के नेतृत्व में व प्रभारी निरीक्षक श्री जगदीश चन्द के नेतृत्व में वान्छित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत 01 नफर अभियुक्त को उसके मसकन ग्राम नरहुली से मुखविर की सूचना पर समय करीब 05.30 बजे गिरफ्तार किया गया ।
दिनांक 23.01.2023 को संगीता पुत्री हरी सिंह निवासी ग्राम नरहुली थाना जलेसर जनपद एटा ने मु0अ0सं0 27/23 धारा 354/452/506 भादवि0 बनाम अभि0 गुलशन पुत्र वीरेश निवासी ग्राम नरहुली थाना जलेसर जिला एटा के विरुद्ध पंजीकृत कराया था

# झूंठी रिपोर्ट लगाकर एबीएसए सरकार की छवि कर रहे धूमिल

## प्रधानाध्यापक को बचाने को लगा रहे झूंठी रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** मऊ ब्लाक के मनका गांव के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार केशरवानी के स्कूल देर से पहुंचने पर 1076 मुख्यमंत्री पोर्टल में तीस जनवरी 2023 की शिकायत की जांच में शिक्षक को बचाने को खंड शिक्षाधिकारी बार-बार झूंठी रिपोर्ट लगा रहे हैं। सूबे की योगी सरकार को खंड शिक्षाधिकारी बदनाम कर रहे हैं।




सूबे की योगी सरकार को बदनाम करने के इस मामले का खुलासा रविवार को हुआ। बताया गया कि मऊ ब्लाक के मनका गांव के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार केशरवानी के विद्यालय देर से पहुंचने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल 1076 में तीस जनवरी को की गई थी। खंड शिक्षाधिकारी ने मामले की दो बार जांचकर प्रधानाध्यापक की योजना के तहत दो मार्च को लगाई रिपोर्ट में जिन तीन लोगों के बयान दर्ज किये हैं, वे तीनों खुद में झूंठे हैं। पहले आनन्द कुमार पाण्डेय के बयान हैं कि उनके बच्चे विद्यालय में पढते हैं, जबकि पाण्डेय के कोई बच्चे ही नहीं है। दूसरे बयान में राजीव लोचन की सगी भतीजी विद्यालय में शिक्षिका है। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रधानाध्यापक को बचाने को बयान लिए गये हैं। तीसरे बयान की बात करें तो सुमित कुमार शुक्ला खुद में नाबालिग हैं। इनके बयानों को लगाकर खंड शिक्षाधिकारी ने उच्चाधिकारियों को गुमराह किया है।

सूबे की योगी सरकार की छवि धूमिल करने को खंड शिक्षाधिकारी शिक्षक को बचाने की गरज से बार-बार झूंठी रिपोर्ट लगा रहे हैं। भोले-भाले लोगों से सादे कागज में हस्ताक्षर करवाने वाले शिक्षक पर जिले के अधिकारी कडी कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे। शिक्षकों के विद्यालय देर से आने व स्कूल से नदारद रहने की खबरें आये दिन प्रकाश में आती हैं। ऐसे में शिक्षकों पर खंड शिक्षाधिकारी व बीएसए कोई कार्यवाही नहीं करते हैं। ये खुद में बडा सवाल है।

## एक बार फिर उदित ने बुलंद किया पाठा का नाम

### लखनऊ में दिया गया जयशंकर प्रसाद सम्मान

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** किसी जमाने में दस्यु प्रभावित होने का दंश झेलने वाले पाठा क्षेत्र के सकरौंहा गांव के युवा लेखक डॉ उदित नारायण पांडेय ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आज डॉ उदित नारायण पांडेय को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जयशंकर प्रसाद पुरस्कार से सम्मानित किया।
रविवार को जिले की मानिकपुर तहसील के सकरौंहा गांव के डॉ उदित नारायण पांडेय वर्तमान में लखनऊ में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। पूर्व में उप्र के संस्कृति विभाग ने सांस्कृतिक कलाकार के रूप में भी पंजीकृत किया था। सांस्कृतिक अभिरुचि वाले डॉ उदित नारायण पांडेय कवि व गायक भी हैं। उनकी सड़क सुरक्षा, कोरोना वायरस व मतदाता जागरूकता, जनसंख्या नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण समेत अनेक कवितायें/गीत व लघु फिल्म अत्यंत लोकप्रिय हैं। उनके सड़क



सुरक्षा संबंधी गीतों और फिल्मों को प्रदेश के सभी जिलों में प्रसारित करने के आदेश परिवहन विभाग व यातायात निदेशालय से जारी किए गए हैं। इस बार उन्हें पुस्तक, जागो रे जागो के लिए जयशंकर प्रसाद पुरस्कार दिया गया है।
मुख्य सचिव उप्र दुर्गा शंकर मिश्रा ने कर्मचारी साहित्य संस्थान से उन्हें एक लाख रुपये का चेक एवं अंगवस्त्र तथा प्रशस्ति पत्र देकर लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में सम्मानित किया। बुन्देलखण्ड पर उन्होने अत्यंत सारगर्भित बुन्देलखण्ड वैभव नामक कविता लिखी। डॉ पांडेय ने ये कविताएं न केवल लिखी हैं, बल्कि बहन, पत्नी डा प्रतीक्षा पाण्डेय व बच्चों अभिज्ञान व अभिनव के साथ मिलकर संगीत बद्ध भी किया है। उनकी कविताओं को लोगों ने बेहद पसंद किया है। सकरौहां समेत जिलेवासियों मे खुशी की लहर है।

## एसपी के निर्देश पर मारकुण्डी पुलिस ने पाइप लदा डीसीएम दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत मारकुण्डी थाना पुलिस टीम ने डीसीएम में लदे 80 पाइप बरामद किये हैं। ये पाइप नमामिगंगे प्रोजेक्ट के बताये गये हैं।




रविवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मारकुण्डी थानाध्यक्ष अनिल कुमार की टीम में छेरिहाखुर्द बरदहा डैम के पास डीसीएम यूपी 13बीटी- 6162 में लदे नमामिगंगे प्रोजेक्ट के 80 पाइप बरामद किये। ज्ञात है कि थानाध्यक्ष अनिल कुमार अपनी टीम के साथ रात में क्षेत्र में भ्रमणशील थे। तडके चार बजे छेरिहाखुर्द बरदहा डैम के सामने सडक पर अज्ञात लोग नमामिगंगे प्रोजेक्ट के पाइपों को चुराकर सडक किनारे खडी डीसीएम में लाद रहे थे। पुलिस जीप को आता देखकर कुछ लोग पिकअप चालक व पांच-छह अज्ञात लोग बरदहा डैम की ओर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गये। डीसीएम को पाइप समेत पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

इस बाबत ठेकेदार नमामिगंगे प्रोजेक्ट बीएच श्रीनिवास की तहरीर पर थाने में मामला दर्ज किया है। टीम में थानाध्यक्ष के साथ सिपाही प्रशान्त कुमार शामिल रहे।

# ट्रेन की चपेट में आये तेंदुए की मौत

## मारकुंडी-मझगवां स्टेशनों के बीच हुई घटना

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** ट्रेन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हो गई। घटना मारकुंडी-मझगवां स्टेशनों के बीच हुई। तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम को यहां वन विभाग भेजा गया है।
ये हादसा मारकुंडी और मझगवां रेलवे स्टेशनों के बीच रविवार को तेंदुए का शव मिला। बताया गया कि तेंदुआ किसी ट्रेन के नीचे आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। रानीपुर टाइगर रिजर्व के तहत मारकुण्डी रेंज क्षेत्र में मारकुंडी और मझगवां रेलवे स्टेशनों के बीच इटवा डुडैला हाल्ट पर ट्रेन की पटरियों में तेंदुआ मृत मिला। इसके शरीर में चोटों के निशान होने से आशंका जताई है कि यह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। रानीपुर वन्य जीव विहार के उप निदेशक पीके त्रिपाठी ने बताया कि तेंदुआ नर था और लगभग 65 किलोग्राम वजन वाले इस पशु की उम्र छह साल के आसपास थी। सूचना मिलने पर वन अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद देवांगना के जंगल में इसे दफन कर दिया जाएगा। डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि पहले भी इस संबंध में ट्रेन अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है कि इस क्षेत्र में ट्रेन गुजरने के दौरान हार्न बजाया जाए और स्पीड धीमी की जाए। बताया कि



इस संबंध में अब सख्ती की जाएगी। इससे वन्य जीवों को बचाया जा सके। बताया कि हाल ही में हुई गणना के अनुसार वन्य जीव विहार में लगभग 60 तेंदुए हैं। ज्यादा दिन नहीं बीते जब दो तेदुओं के शव बरामद हुए थे। 25 फरवरी को महज चैबीस घंटे के भीतर मध्य प्रदेश अंतर्गत चित्रकूट अनुभाग के मझगवां रेंज की दो बीटों में दो तेंदुओं के शव मिले थे। पटना-पटनी बीट तथा बिरसिंहपुर की ओरमानी बीट में शव बरामद होने से हड़कंप मच गया था। हालांकि तब वन विभाग के अधिकारियों ने मौत की वजह आपसी संघर्ष बताया था।

## स्वच्छता अभियान में सभी लोग लें बढ-चढकर हिस्सा: ईओ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के साठवें अभियान में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में ईओ लालजी यादव ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रव्यापी सफाई अभियान है। सभी लोग अभियान में बढ-चढकर हिस्सा लें।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/नगर पालिका कर्वी के ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोडने को प्रत्येक व्यक्ति को नौ लोगों से सम्पर्क करना चाहिए। नौ लोगों के जुड जाने से लम्बा कारवां बन जायेगा। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता अभियान से जुडना चाहिए।



स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छता मिशन है। इस मिशन में सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए। आज के अभियान में अंजू वर्मा, राजेन्द्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, रोहित द्विवेदी, शुभम केशरवानी, जितेन्द्र केशरवानी, दीपक द्विवेदी, दशरथ, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार समेत नगर पालिका की टीम शामिल रही।


## ग्रामीणों ने फूलों की बौछार कर खेली होली



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** होली पर्व पर कर्वी ब्लाक के भगनपुर गांव में कोटेदार देवराज पटेल के घर में रंग पंचमी के शुभ अवसर पर फूलों की होली खेली गई। इस मौके पर होली के फाग गीतों का भी ग्रामीणों ने लुत्फ उठाया।
रंग पंचमी रविवार को कर्वी ब्लाक के भगनपुर गांव में कोटेदार देवराज पटेल के आवास पर धूमधाम से रंग पंचमी मनाई गई। लोगों ने एक-दूसरे पर अबीर-गुलाल छोडकर फूलों की होली खेली। इसके बाद लोगों ने ठंडई का लुत्फ उठाया। ग्रामीणों ने फाग गीतों की बौछार कर दी। इस बौछार में सभी लोग सराबोर नजर आये। फूलों की होली खेलने में गांव के जानकी प्रसाद, रामप्रसाद, शिवप्रसाद, बाबूराम महेश, राजकरन मास्टर, सुरेश पटेल, सत्यनारायण, नत्थूराम पटेल, राजेश पटेल, मंगल लाइनमैन, साहबदीन, नवल किशोर, रामलखन बोड्डी, इन्द्रजीत, मनोज कुमार, लक्ष्मण दयाल, सरजू, पप्पू, भैरोप्रसाद समेत सैकडों ग्रामीण मौजूद रहे। यह आयोजन पत्रकार रामरुप पटेल व राजेश पटेल ने आयोजित कराया।

## नेपाल में पूर्वी राज्य का नाम कोसी प्रांत करने के विरोध में हड़ताल से जनजीवन प्रभावित

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वी राज्य का नाम कोसी प्रांत करने के विरोध में जातीय समूहों के आम हड़ताल और बंद के आह्वान का आज (रविवार) व्यापक असर दिखाई पड़ रहा है। कोसी क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित हुआ है। लिम्बुवान के नाम पर हड़ताल का आह्वान करने वाली किरात संघर्ष समिति ने कोसी प्रांत के 14 जिलों में आम हड़ताल की घोषणा की हैं। यह जिले झापा, मोरंग, सुनसरी, धनकुटा, पांचथर, इलम, तपलेजुंग, सोलुखुम्बु, भोजपुर, खोटांग, संखुवासभा, उदयपुर, तेरहाथुम और ओखलढुंगा हैं । आज इन सभी जिलों के बाजार बंद हैं। यह नए नामकरण का एक सप्ताह से विरोध कर रहे हैं। इनकी मांग है कि प्रांत के नाम किरात या लिम्बुवान रखा जाए। उल्लेखनीय है कि कोसी नदी नेपाल के पूर्वी भाग बहती है। यह तिब्बत से नेपाल होते हुए भारत की ओर जाती है। नये नाम का प्रस्ताव 01 मार्च को राज्य विधानसभा के दो-तिहाई से अधिक सदस्य पारित कर चुके हैं। कोसी प्रांत भारत के पश्चिम बंगाल और सिक्किम से जुड़ा हुआ है।



## बांग्लादेश में विद्यार्थियों और नागरिकों में झड़प, 200 लोग घायल

**ढाका (बांग्लादेश)।** बांग्लादेश में राजशाही शहर के बिनोदपुर गेट क्षेत्र स्थित राजशाही विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों के बीच देर शाम हुई हिंसक झड़प में लगभग 200 लोग घायल हो गए। इस दौरान एक पुलिस पिकेट, मोटरसाइकिलों समेत करीब 30 दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। इस घटना से राजशाही शहर में तनाव है। तनाव के मद्देनजर राजशाही विश्वविद्यालय के आसपास बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश को तैनात किया गया है। इसके अलावा रविवार और सोमवार को होने वाली परीक्षाएं और विश्वविद्यालय की कक्षाएं अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय चीफ प्रॉक्टर प्रो. अशबुल हक का कहना है कि स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश की जा रही है।



## यूक्रेन ने बखमुट में रूस के छक्के छुड़ाए

**कीव (यूक्रेन)।** यूक्रेन के पूर्वी शहर बखमुट में रूस ने पिछले 24 घंटे में 16 हमले किए। इस दौरान यूक्रेन की सेना ने रूस के 221 सैनिकों को मार गिराया। यूक्रेन के पूर्वी हिस्से के सेना के प्रवक्ता सेरि चेरेवेट ने राष्ट्रीय संसद के टेलीविजन चैनल को यह जानकारी दी। सैन्य प्रवक्ता सेरि चेरेवेट ने दावा किया है कि यूक्रेन की सेना की बखमुट में हमलों के दौरान रूस के सैनिकों से 23 बार झड़प हुई। लड़ाई के दौरान दुश्मन देश रूस के 221 सैनिक मारे गए। इसके अलावा 314 सैनिक घायल हो गए।



## 'ज्यादा समय नहीं जिओगे', 300 किलो के युवक को डॉक्टरों से मिली थी चेतावनी, फिर चार साल बाद...

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिसीसिप्पी शहर में रहने वाले एक युवक ने चार साल में 165 किलो वजन घटाकर दुनिया को हैरान कर दिया है। दरअसल एक डॉक्टर ने युवक से कह दिया था कि वह एक चलता फिरता बम बन चुका है और कभी भी उसकी जान जा सकती है। इस बात ने युवक को इस कदर झकझोर दिया कि उसने वजन घटाने का फैसला कर लिया। मिसीसिप्पी के रहने वाले 42 वर्षीय निकोलस क्राफ्ट का वजन चार साल पहले करीब 300 किलो था।

साल 2019 में जब निकोलस ने वजन घटाने का फैसला किया तो पहले महीने ही उन्होंने संतुलित आहार लेकर 18 किलो वजन कम कर लिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निकोलस को बचपन से ही ज्यादा वजन की समस्या थी और हाईस्कूल में ही उनका वजन करीब 136 किलो था। क्राफ्ट ने बताया कि तनाव की वजह से वह ज्यादा खाना खाते थे और उसी के चलते उनका वजन इस कदर बढ़ गया। भारी वजन के चलते उनके शरीर में दर्द, घुटनों में दर्द और सांस फूलने की समस्या होने लगी थी। हालात ये हो गए थे कि क्राफ्ट घर से बाहर नहीं निकल पाते थे क्योंकि वह किसी गाड़ी में बैठ ही नहीं सकते थे। इसके चलते उनका लोगों से मिलना जुलना भी बंद हो गया था। साल 2019 में जब एक डॉक्टर ने उन्हें बताया कि वह एक चलता फिरता बम बन गए हैं और ज्यादा से ज्यादा चार से पांच साल में उनकी मौत हो जाएगी। इसके बाद क्राफ्ट ने वजन घटाने की सोची। क्राफ्ट का कहना है कि वह जीना चाहते हैं और इसी के चलते उन्होंने अपनी खाने पीने की आदतों में बदलाव किया। अब निकोलस क्राफ्ट पूरी तरह से बदल गए हैं और अब वह बाहर जा सकते हैं। लोगों से मिलते जुलते हैं और उनकी स्वास्थ्य की समस्याएं भी काफी हद तक कम हो गई हैं। क्राफ्ट का कहना है कि 'अपने आपको को सीमित ना करें। लोग जो सोचते हैं वह कर सकते हैं। इसलिए अपने पर विश्वास रखें क्योंकि जो आप सोच सकते हैं, उसे पा भी सकते हैं।'



## तुर्किए ले लोगों को ले जा रही नौका डूबी, 26 के डूबने की आशंका

**एथेंस (ग्रीस)।** शरणार्थियों और प्रवासियों समेत कुल 31 लोगों को लेकर जा रही एक नौका इजियन सागर में डूब गई। राहत और बचाव दल ने फरमाकोनिसी द्वीप के सुदूर इलाके से पांच लोगों को बचा लिया है। बाकी की तलाश की जा रही है। यह जानकारी हेलेनिक कोस्ट गार्ड ने दी। हेलेनिक कोस्ट गार्ड का कहना है कि तेज हवाओं और खराब मौसम के बीच बाकी लोगों की तलाश जारी है। बचाए गए लोगों ने बताया है कि यह नाव तुर्किए के तट से चली थी। नाव में 31 लोग सवार थे।




## बढ़ती दरार! : चीनी सेना के जिस अफसर पर अमेरिका ने लगाए प्रतिबंध, ड्रैगन ने उसे रक्षा मंत्री नियुक्त किया

**वाशिंगटन।** चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग को रिकॉर्ड तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता सौंपी गई है। अब चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) जिनपिंग तरफ से प्रस्तावित नामों को सरकार में अलग-अलग पद सौंपने का काम भी कर रही है। पीएम ली कियांग के बाद कम्युनिस्ट पार्टी ने अपनी पार्टी कांग्रेस में जनरल शी शांगफू को चीन को नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। 65 वर्ष के शांगफू जल्द ही वेई फेंघ की जगह लेंगे, जो कि अक्तूबर में ही चीन की सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में अपने पद से इस्तीफे का एलान कर चुके हैं।

**क्यों खास है ली शांगफू की नियुक्ति?**

ली शांगफू चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में चर्चित चेहरा हैं। उन्हें जिनपिंग के नेतृत्व में 2015 में सेना की स्ट्रैटिजिक सपोर्ट फोर्स शाखा का हिस्सा बनाया गया था। इस शाखा को स्पेस, साइबर तकनीक, राजनीतिक और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर के क्षेत्र में चीन को उन्नत बनाने के लिए तैयार किया गया था। शांगफू की रक्षा मंत्री के तौर पर नियुक्ति अमेरिका-चीन के बीच पहले से खटाई में पड़े रिश्तों के लिए और मुसीबत पैदा कर सकती है। दरअसल, 2018 में अमेरिका ने शांगफू पर प्रतिबंध लगा दिए थे। वॉशिंगटन ने कहा था कि शांगफू ने चीन के लिए रूस से सुखोई-35 कॉम्बैट एयरक्राफ्ट और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान ली शांगफू चीन की रक्षा तकनीक के आधुनिकीकरण का काम देख रहे एक उच्चाधिकार प्राप्त सैन्य आयोग में उपकरण विकास विभाग के निदेशक थे।



यही नहीं अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा था कि उसकी तरफ से अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया में रूसी दखल की कोशिशों के चलते रूसी हथियार विक्रेताओं, ली शांगफू और उनके विभाग पर वृहद प्रतिबंध लगाए गए हैं। शांगफू पर जो प्रतिबंध लगाए गए थे, उनके तहत वे अमेरिकी क्षेत्राधिकार में किसी भी लेन-देन में हिस्सा नहीं ले सकते थे। इसके अलावा उन्हें अमेरिकी वित्तीय सिस्टम में लेन-देन से भी पूरी तरह बैन कर दिया गया था। इतना ही नहीं अमेरिका में शांगफू की या उनसे जुड़ी संपत्तियों और उनके वीजा पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। ऐसे में शांगफू को रक्षा मंत्री बनाए जाने का फैसला पहले से खराब अमेरिका-चीन के रिश्ते को और खराब कर सकता है। खासकर दो देशों के बीच रक्षा मंत्रियों की बैठक में स्थिति और खराब हो सकती है। अमेरिका को भी शांगफू के साथ बातचीत के दौरान अपने पुराने नियमों और प्रतिबंधों को ताक पर रखना पड़ सकता है, जो कि एक तरह से चीन के लिए फायदे का सौदा रहेगा।

## ताइवान को लेकर बढ़ा अमेरिका-चीन में तनावः यूएस जनरल बोले- 'हमें चीन के जहाजों को डुबोना होगा'

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक टॉप जनरल ने सुझाव दिया है कि ताइवान के चारों तरफ चीन की घेराबंदी को तोड़ने के लिए हमें चीन के जहाजों को समुद्र में डुबोना होगा। बता दें कि यह सुझाव यूएस पैसिफिक एयर फोर्सेस के कमांडर जनरल केनेथ विलबैक ने दिया है। बुधवार को अमेरिका के कोलोराडो में एयर एंड स्पेस फोर्सेस एसोसिएशन वारफेयर के एक कार्यक्रम में विलबैक ने कहा कि हथियारबंद ड्रोन्स और बी-21 रेडर हथियारों की मदद से इस मिशन को अंजाम दिया जा सकता है।

बता दें कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल अगस्त में जब अमेरिका की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी ताइवान को दौरे पर गई थी तो अमेरिका के इस कदम से नाराज चीन ने ताइवान के चारों तरफ घेराबंदी कर दी थी। ताइवान के पूर्वी तट पर अभी भी चीन के जहाज मौजूद हैं, जिससे ताइवान का रास्ता लगभग बंद हो गया है। चीन ने पेलोसी के इस दौरे का विरोध किया था क्योंकि चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है। चीन ने विरोध स्वरूप ताइवान की सीमा के को चारों तरफ युद्धाभ्यास भी किया था। अमेरिकी जनरल ने बताया कि चीन के जहाजों पर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें भी लगी हैं, जिससे किसी भी युद्धक विमान को निशाना बनाया जा सकता है। अमेरिकी जनरल विलबैक ने कहा कि चीन की चुनौती से निपटने के लिए अमेरिका को अपने सहयोगी देशों के साथ युद्धाभ्यास करने चाहिए। बता दें कि चीन लगातार ताइवान पर दबाव बढ़ाता जा रहा है। इसके तहत वह लगातार ताइवान सीमा के नजदीक युद्धाभ्यास करता है, जिससे एक तरह से ताइवान का रास्ता बंद हो जाता है। ऐसे ही युद्धाभ्यास के दौरान चीन ताइवान पर हमला भी कर सकता है।



## फ्रांसीसी सीनेट ने दी पेंशन सुधार बिल को मंजूरी

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के पेंशन प्रणाली में सुधार के लिए लाए गए बिल को सीनेट से मंजूरी मिल गई। देर रात इसके लिए सीनेट में मतदान किया गया। इसी के साथ रिटायरमेंट की उम्र 62 से बढ़ाकर 64 साल करने का रास्ता साफ हो गया।

राष्ट्रपति मैक्रॉन के दूसरे कार्यकाल के लिए नींव का पत्थर कही जा रही इस नीति का देशव्यापी विरोध हो रहा है। इसके बावजूद सीनेट में 112 के मुकाबले 195 मतों से इस बिल को पारित किया गया है। इस मतदान के बाद पेंशन प्रणाली में सुधार के लिए नया कानून बनने की तरफ एक और कदम बढ़ गया है। अब एक समिति अंतिम मसौदा तैयार करेगी। इसे अंतिम मतदान के लिए सीनेट और नेशनल असेंबली दोनों को प्रस्तुत किया जाएगा।

## नेपाल में उप राष्ट्रपति के दावों से सत्तारूढ़ गठबंधन ध्रुवीकृत

**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर एक नया ध्रुवीकरण शुरू हो गया है। गठबंधन के तीन दल आपसी सहयोग पर सहमत हो गए हैं, जिस दिन जनमत पार्टी ने ममता झा को उप-राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। महंत ठाकुर के नेतृत्व वाली लोकतान्त्रिक समाजवादी पार्टी, सीके राउत के नेतृत्व वाली जनमत पार्टी और रंजना श्रेष्ठ चौधरी के नेतृत्व वाली नागरिक उन्मुक्ति पार्टी ने झा को समर्थन देने की घोषणा की जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन की जनता समाजवादी पार्टी (जसपा) ने उपाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।



उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जसपा से रामसहाय प्रसाद यादव और प्रमिला यादव उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। रामसहाय की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग को लेकर चुनाव आयोग में दो शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। इनमें से एक को विपक्षी सीपीएन (यूएमएल) ने और दूसरे को जनमत पार्टी ने दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि सत्ताधारी गठबंधन में तीन उम्मीदवार हैं लेकिन यह तय है कि इनमें से एक उम्मीदवार जसपा से होगा। उम्मीदवारों की वापसी का समय शाम चार बजे तक है। यदि जसपा और जनमत दोनों पार्टियों के उम्मीदवार खड़े होते हैं, तो सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर आपसी प्रतिस्पर्धा हो सकती है।

## तीन साल में चीन से युद्ध के लिए तैयार हो जाए ऑस्ट्रेलिया, अल्बानीज सरकार के लिए रेड अलर्ट रिपोर्ट

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में प्रकाशित होने वाले दो मुख्य अखबारों की संयुक्त रिपोर्ट में प्रधानमंत्री अल्बानीज की सरकार को चीन से युद्ध के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड और द एज की इस रिपोर्ट को 'रेड अलर्ट' नाम दिया गया है। इसमें कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया को अगले तीन वर्षों में चीन से युद्ध की तैयारी कर लेनी चाहिए। इस स्वतंत्र रिपोर्ट को पांच नामी सुरक्षा विश्लेषकों अंदाजा लगा रहे हैं, लेकिन यह सिर्फ इकलौता परिदृश्य नहीं है, जिससे ऑस्ट्रेलिया की सुरक्षा और समृद्धि को खतरा पैदा हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया को खुद को सिर्फ इसी परिदृश्य के लिए तैयार नहीं करना चाहिए, बल्कि हमें एक साथ कई आकस्मिकताओं से जूझने की योजना पर जोर देना चाहिए। लोकतंत्र अपने अगले युद्ध के बारे में शायद ही अंदाजा लगाता है, लेकिन अगला युद्ध तय तौर पर पिछले जैसा नहीं होता।'

**युद्ध की तैयारी के लिए सिर्फ तीन साल का समय ही क्यों?**

रिपोर्ट में कहा गया, 'युद्ध के खतरे का हमारा विश्लेषण चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के आक्रामक रवैये और सैन्य क्षमता बढ़ाने के कदमों के आधार पर है। ऑस्ट्रेलिया को चीन की ओर से आते किसी खतरे से निपटने के लिए तीन साल का समय ही मिल सकता है, क्योंकि 2027 के करीब एक अहम समय आएगा, जब ताइवान जलडमरूमध्य में बीजिंग की सैन्य क्षमता अमेरिका से भी ज्यादा होगी।'इतना ही नहीं रिपोर्ट में चीन की ओर से युद्ध छेड़े जाने के पीछे उसके जनसांख्यिकीय संकट को भी वजह बताया गया है। दरअसल, जन्मदर घटने की वजह से चीन की आबादी का बड़ा हिस्सा अगले कुछ दशकों में बुजुर्ग की श्रेणी में आ जाएगा, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति पर भी नकरात्मक प्रभाव पड़ेगा। ऐसे में शी जिनपिंग के परिप्रेक्ष्य से चीन के पास अपने किसी भी बड़े सैन्य अभियान को पूरी क्षमता से लक्ष्य तक पहुंचाने का अब सीमित समय है। इसीलिए चीनी राष्ट्रपति इस मौके को हाथ से जाने नहीं देना चाहेंगे।

**ताइवान युद्ध में शामिल होना ऑस्ट्रेलिया के लिए अनिवार्य**

विश्लेषकों के मुताबिक, अगर चीन ने ताइवान पर हमला कर दिया तो ऑस्ट्रेलिया का इससे जुड़ना अनिवार्य होगा, क्योंकि ताइवान पर ड्रैगन की जीत के क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर गहरा असर पड़ेगा। इसका असर ऑस्ट्रेलिया तक पहुंच सकता है, जहां चीन की नजर लंबे समय से है। यानी ताइवान पर किसी भी हमले की स्थिति में ऑस्ट्रेलिया को हर हाल में अमेरिका के साथ युद्ध में शामिल होना ही होगा।



**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## नेतन्याहू के खिलाफ इजराइल के इतिहास का सबसे बड़ा प्रदर्शन:सड़कों पर उतरे 5 लाख लोग, प्रदर्शनकारियों का साथ दिया तो पुलिस चीफ बर्खास्त

**इजराइली।** इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की सरकार के खिलाफ शनिवार को करीब 5 लाख लोग सड़कों पर उतरे। इसे इजराइल के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया जा रहा है। ये लोग नेतन्याहू के उस बिल का विरोध कर रहे हैं जिसमें सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों को कम किया गया है। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक केवल इजराइल की राजधानी तेल अवीव में 2 लाख लोग प्रदर्शन के लिए जमा हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार सुप्रीम कोर्ट पर अपने फैसले को वापस नहीं लेती है तो गुरुवार के दिन ये प्रदर्शन और तेज हो जाएंगे। तेल अवीव के पुलिस चीफ भी प्रदर्शनकारियों में शामिल

इजराइल में केवल आम लोग ही नहीं बल्कि बड़े पदों पर बैठे पुलिस अधिकारी और बिजनेसमैन भी सरकार के फैसले का विरोध कर रहे हैं। शनिवार को हुए प्रोटेस्ट में तेल अवीव के पुलिस चीफ एमिशाई अशेद ने शामिल होकर सरकार को झटका दे दिया। जैसे ही अशेद प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे तो तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनका स्वागत किया गया। हालांकि इसके बाद उन्हें पद से हटाकर कहीं और ट्रांसफर कर दिया गया।एयरफोर्स का नेतन्याहू विरोधी पायलट बर्खास्त सोमवार को नेतन्याहू के विवादित बिल का विरोध करने पर इजराइल की एयरफोर्स के पायलट को बर्खास्त कर दिया गया था। 'टाइम्स ऑफ इजराइल' की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में सीनियर पायलट के टर्मिनेशन की जानकारी दी गई थी।

इजराइली एयर फोर्स के रिजर्व पायलट्स ने भी सरकार का विरोध करते हुए स्पेशल ट्रेनिंग में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया था। कुल 40 में से 37 रिजर्व पायलट्स ने कहा था कि वो ट्रेनिंग के बजाय ज्यूडिशियल रिफॉर्म्स के विरोध में होने वाले प्रदर्शनों में हिस्सा लेंगे।

पिछले महीने इजराइल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर एक प्रस्ताव जारी किया। इसके पास होने पर इजराइली संसद को सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का पलटने का अधिकार मिल जाएगा। इसे 'ओवरराइड' बिल नाम दिया गया है। अब अगर ये बिल पास हो जाता है तो संसद में जिसके पास भी बहुमत होगा, वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट सकेगा। लोगों का मानना है कि इससे देश का लोकतंत्र और सुप्रीम कोर्ट कमजोर होगा।

बीबीसी के मुताबिक नए बिल से निवार्चित सरकारें जजों की नियुक्ति में दखल दे सकती हैं। जिसे सही और निष्पक्ष फैसले लेनी की ज्युडिशियरी की पावर कम हो जाएगी।

नेतन्याहू का नया बिल लागू होने से किसी कानून को रद्द करने के मामले में भी सुप्रीम कोर्ट की ताकत सीमित हो जाएगी।

इस बिल ने इजराइल को काफी हद तक दो हिस्सों में बांट दिया है। इजराइली सेना की रीढ़ माने जाने वाले रिजर्वविस्ट ( सेना को सेवा देने वाले आम नागरिक) ने कहा है कि वे सेना को अपनी सेवा देने से इनकार कर सकते हैं।



## कैलिफोर्निया में नदी का बांध टूटा, बाढ़ में 1500 लोग फंसे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में पजारो नदी पर बना बांध टूटने से आई बाढ़ में 1500 से अधिक लोग फंस गए हैं। ये सभी लोग उत्तरी कैलिफोर्निया के कृषि समुदाय से संबद्ध हैं। यह क्षेत्र स्ट्रॉबेरी की फसल के लिए प्रसिद्ध है। अधिकारियों का कहना है कि इसकी सूचना मिलते ही शनिवार को राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया है। अब तक 50 से अधिक लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। मोंटेरे काउंटी बोर्ड ऑफ सुपरवाइजर के अध्यक्ष लुइस एलेजो ने ट्वीट किया है कि बांध टूटने के कारण स्थिति खराब हो गई है। एलेजो ने कहा है कि बांध टूटने से सैंटा क्रूज और मोंटेरो काउंटी का संबंध टूट गया है।

